डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5

सिनेमाः-सिनेमाघर में दम तोड़ रही है 'ब्रह्मास्त्र' सनी देओल की 'चुप' देगी कड़ी टक्कर

वर्ष -08 अंक -175 | प्रयागराज, शनिवार, 24 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में गहराता शरणार्थी संकट, रोजाना बढ़ रही प्रवासियों की संख्या

मानवीय संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान के सामने शरणार्थियों को लेकर एक नया संकट पैदा हो गया है। तालिबान शासित अफगानिस्तान में रोजाना अफगान शरणाथियों को छोड़ा जा रहा है। अफगानिस्तान के शरणार्थी मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि मानवीय संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान में पिछले सप्ताह ईरान द्वारा 7,000 से अधिक अफगान शरणाथियों को छोड़ा गया है। इससे पहले, काबुल में ईरान के राजदूत बहादुर अमीनियन ने कहा था कि रोजाना करीब 3,000 अफगान नागरिक अवैध रूप से ईरान में प्रवेश कर रहे हैं। ईरानी राजदूत अमीनियन ने कहा, 'जो लोग अवैध रूप से ईरान में प्रवेश कर रहे हैं। उनके साथ मानव तस्करी सहित अन्य सेवाओं की कमी होने की आशंका है।' खामा प्रेस ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त के अनुसार बताया कि अफगानिस्तान में तालिबान शासन से पहले करीब 34 लाख शरणार्थी ईरान में रहते थे, जिनमें से करीब 20 लाख के



पास वैध कागजात उपलब्ध नहीं थे। बता दें कि पिछले 5 वर्षों से शरणार्थियों को लेकर अफगानिस्तान की स्थिति काफी बिगड़ गई है। अफगानिस्तान में विस्थापित लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। 2020 की तुलना में पिछले साल देश में विस्थापित लोगों की संख्या में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। दुनिया में अफगानिस्तान छठा सबसे बड़ा देश बना हुआ है और एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में 35 लाख आबादी के साथ सबसे बड़ी देश है। की रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानों के लिए स्थाई समाधानों में स्वैच्छिक प्रत्यावर्तन, किसी तीसरे देश में शरण, स्थानीय एकीकरण और विस्थापन से पहले मूल स्थान पर वापसी शामिल है। इससे पहले ने सभी देशों से तुकिन्ये या ईरान में अफगान प्रवासियों को छोड़ने से रोकने का आग्रह किया थ

## पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में पीएम मोदी बोले



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के एकता नगर में पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हम ऐसे समय मिल रहे हैं, जब भारत अगले 25 साल के लिए नए लक्ष्य तय कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि आपके प्रयासों से पर्यावरण की रक्षा में भी मदद मिलेगी और भारत का विकास भी उतनी ही तेज गति से होगा। आज का नया भारत, नई सोच, नई अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। आज भारत तेजी से विकसित होती इकोनॉमी भी है और निरंतर अपनी को भी मजबूत कर रहा है।इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि हमारे वन आवरण में वृद्धि हुई है और झीलों का दायरा भी तेजी से बढ़ रहा है। अपने कमिटमेंट को पूरा करने के हमारे ट्रैक रिकॉर्ड के कारण ही दुनिया आज भारत के साथ जुड़ भी रही है।पीएम मोदी ने कहा कि बीते सालों में शेरों बाघों, हाथियों, एक सींग के गेंडों और तेंदुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। कुछ दिन पहले ही मध्य प्रदेश में चीता की घर वापसी से एक नया उत्साह लौटा है।

## ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की और आपूर्ति के लिए 1700 करोड़ का समझौता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के अग्रिम मोर्चों के युद्धपोतों के लिए करीब 300 किलोमीटर की




मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति के लिए गुरुवार को ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) के साथ 1700 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोहरी भूमिका वाली इन मिसाइलों के आने से नौसेना की परिचालन क्षमता में और बढ़ोतरी होगी। साथ ही इस अनुबंध से हथियार प्रणाली और गोला-बारूद के स्वदेशी उत्पादन को और बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम है जो नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इन मिसाइलों में भूमि के साथ-साथ जहाज-रोधी हमलों के लिए उनन्त रेंज और दोहरी भूमिका निभाने की क्षमता है। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर भारत अभियान को और प्रोत्साहन देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बीएपीएल से यह अनुबंध किया है। ब्रह्मोस ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना तेजी से उड़ान भरती है। यह बड़े (गैर-परमाणु) हथियार के रूप में उभरी है। रूस द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित ब्रह्मोस की सीमा को भी इसकी मूल रेंज 290 किलोमीटर से बढ़ाकर अब करीब 400 किलोमीटर कर दिया गया है। यही नहीं, इसकी रेंज 800 किलोमीटर करने पर भी तेजी से काम चल रहा है। चीन के साथ 28 महीने से चल रहे सैन्य टकराव के बीच ब्रह्मोस मिसाइल बैटरियों को सेना के टैंक, हावित्जर, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और अन्य हथियारों के साथ लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तैनात किया गया है। बता दें कि नौसेना ने बीते दिसंबर में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह क्षेत्र में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के एंटी शिप वर्जन का परीक्षण किया था। ब्रह्मोस ने बंगाल की खाड़ी में निकोबार द्वीप समूह के पास अपने लक्ष्य जहाज को सफलतापूर्वक मार गिराया था।

## गोवा पुलिस के आंतकवाद विरोधी दस्ते ने 22 अवैध बांग्लादेशियों की पहचान की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** गोवा पुलिस के आंतकवाद विरोधी दस्ते ने 22 अवैध बांग्लादेशियों की पहचान की है। पिछले दो महीनों में किरायेदार और विदेशियों के सत्यापन अभियान के दौरान एटीएस ने




इनकी अवैध बांग्लादेशियों के रूप में इनकी पहचान की है। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने ये जानकारी दी है एटीएस के पुलिस अधीक्षक शोभित सक्सेना ने शुक्रवार को कहा कि ये बांग्लादेशी नागरिक फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अवैध रूप से रह रहे थे। साथ ही उन्होंने कहा कि वे पिछले 4-5 साल से यहां रह रहे हैं। उनमें से कुछ के परिवार यहां हैं।उन्होंने कहा कि हमें उनके पास से नकली दस्तावेज मिले हैं, जो अन्य राज्यों और बांग्लादेश कार्डों में बनाए गए थे। उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के समक्ष पेश किया गया है। उनके आवाजाही पर प्रतिबंध आदेश पारित किया गया है। हम एक रिपोर्ट बना रहे हैं और गृह मंत्रालय को यह जांचने के लिए भेज रहा है कि कहीं कोई संदिग्ध कोण तो नहीं है। उन्होंने कहा कि गोवा पुलिस लगातार किरायेदार सत्यापन पर ध्यान दे रही है।पत्रकारों से बात करते हुए एटीएस के पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हम विदेशियों के लिए भी सत्यापन अभियान चलाते हैं, खासकर जो अवैध रूप से रहते हैं।

## तमिलनाडु के कोयंबटूर में भाजपा कार्यालय पर अराजक तत्वों ने फेंका पेट्रोल बम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कोयंबटूर शहर में भाजपा कार्यालय के पास गुरुवार रात अराजक तत्वों ने पेट्रोल से भरी बोतल फेंकी। इससे तनाव फैल गया। इससे किसी भी तरह का तमिलनाडु पुलिस ने द्रमुक सांसद ए राजा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में भाजपा जिलाध्यक्ष उथमरामसामी के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार



नुकसान नहीं हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की है। पुलिस के अनुसार, वीकेके मेनन रोड पर कुछ संदिग्ध लोगों के टहलने की सूचना मिली है। सीसीटीवी के आधार पर उनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। वहीं, निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा है कि हाल ही में उथमरामसामी ने द्रमुक सांसद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में उन्हें बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, भाजपा ने भी कमर कस ली है।

## देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 5,383 नए मामले दर्ज

### 6,424 लोगों ने दी कोरोना को मात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देशभर में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 5,383 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, इस दौरान सक्रिय मरीजों की संख्या



46,342 से घटकर 45,281 हो गई। नए मामले सामने आने के बाद कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,45,58,42 हो गई। इस दौरान 6,424 मरीज कोरोना वायरस से स्वस्थ हुए, जिसके बाद ठीक होने वाले लोगों की संख्या 4,39,84,695 हो गई। पिछले दिन 14,91,017 वैक्सीन की डोज लगाई गई, जिसके बाद कुल टीकाकरण का आंकड़ा 2 अरब 17 करोड़ 26 लाख 27 हजार 951 पहुंच गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज सुबह जारी बयान में कहा कि देशभर में बीते दिन 3,20,187 कोरोना टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि अब तक 4,39,84,695 लोगों ने कोविड को मात दी है और ठीक हुए हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि देश में कोरोना मृतकों की संख्या 5,28,449 पहुंच गई। वर्तमान में कोरोना सक्रिय दर 0.10 प्रतिशत है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। इसके साथ ही कोरोने से ठीक होने वाले मरीजों की दर 98.71 प्रतिशत है।

## एनआईए के छापे के बाद PFI समर्थकों का उत्पात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कोयंबटूर।** पापुलर फ्रंट आफ इंडिया के ठिकानों पर बीते दिन कई राज्यों में छापे मारे गए। टेरर फंडिंग मामले में और ने पीएफआइ के कई कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया। इस बीच आज संगठन ने केरल बंद का आह्वान किया है। बंद के कौरान पीएफआई के कार्यकर्ताओं ने राज्य के कई इलाकों में बवाल करते हुए पत्थरबाजी और तोड़फोड़ की है। तमिलनाडु के कोयंबटूर में पीएफआई के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पर पेट्रोल बम फैंके हैं। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेताओं ने इसे 'आतंकवादी हमला' बताया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच की। एनआईए ने गुरुवार को पीएफआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य इस्माइल को कोयंबटूर से हिरासत में लिया था। एनआईए और प्रवर्तन निदेशालय ने राज्य पुलिस बलों द्वारा संयुक्त रूप से तमिलनाडु सहित पूरे भारत में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के शीर्ष नेताओं और सदस्यों के घरों और कार्यालयों पर संयुक्त रूप से तलाशी तलाशी अभियान चलाया था।

## भारतीयों पर हमले को लेकर ब्रिटिश अधिकारियों के संपर्क में उच्चायोग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लेस्टर और बर्मिंघम में भारतीय समुदाय को निशाना बनाकर हुई हिंसा की घटनाओं के बीच विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भारतीय उच्चायोग ब्रिटेन के संपर्क में है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक बयान में कहा था कि उसने इस मुद्दे को 'पुरजोर तरीके से' उठाया है और शहर में सप्ताहांत में झड़पों की खबरों के बाद ब्रिटेन के अधिकारियों से प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षा का आह्वान किया है। वहीं, ब्रिटेन की पुलिस ने एक बयान में कहा था कि, 'हम लेस्टर में हिंसा, अव्यवस्था या अराजकता को बर्दाशत नहीं करेंगे, और हम शांति और बातचीत का आह्वान करना जारी रखेंगे।' इन घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक



प्रेस वार्ता में हिंसा को लेकर भारतीय उच्चायोग के बयान का हवाला दिया। उन्होंने कहा, 'हमारा उच्चायोग, ब्रिटिश पक्ष से संपर्क में है । हम राजनयिक एवं सुरक्षा अधिकारियों के सम्पर्क में है ताकि आगे ऐसे हमलों को रोका जा सके और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।एएनआइ की रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन में मुस्लिमों के विरोध के चलते स्मेथविक स्थित दुर्गा मंदिर में अपना कार्यक्रम रद होने के बाद साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि कुछ लोग हैं जो भारत के विकास को नहीं देख सकते हैं। ये लोग हिंदू समुदाय में डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदुओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और नेताओं व मीडिया पर दबाव डाला जा रहा है लंदन से प्रेट्र की रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी से संबद्ध लेबर कन्वेंशन आफ इंडियन आर्गेनइजेशंस (एलसीआइओ) ने लेस्टर शहर में हुई झड़पों को लेकर चरमपंथी समूहों द्वारा तीन 'निराधार विमर्श' को आगे बढ़ाया जा रहा है। पहला ब्रिटेन में विविधता विफल हो गई है; दूसरा यह कि भारत स्थित ताकतों द्वारा गड़बड़ी की साजिश की जा रही है और तीसरा यह कि ऐतिहासिक मतभेदों का मतलब है कि हम एक समुदाय के रूप में शांतिपूर्वक एक साथ नहीं रह सकते।



## विद्यालय के छात्रों ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** अखिल भारतीय सरदार पटेल सेवा संस्थान, अलोपीबाग में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सौजन्य से 23 सितम्बर तक चलने वाली मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित प्रदर्शनी का कर्नलगंज इण्टर मीडिएट कालेज के छात्रों सहित अन्य आमजनमानस के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। विद्यालय के अध्यापकों द्वारा छात्रों को प्रदर्शनी के महत्व के बारे में बताया गया। शिक्षकों ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिए यह प्रदर्शनी बहुत ही प्रेरणादायी एवं उपयोगी है। उल्लेखनीय है कि 23 सितम्बर तक चलने वाली प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना, उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना, निःशुल्क टीकाकरण, हर घर नल योजना, स्वच्छ भारत, सोलर पॉवर पम्प, वाटर ग्रिड, साबरमती रिवर फ्रंट, सरदार सरोवर डैम, ग्लोबल विजन, जल संरक्षण, अमृत सरोवर, एक भारत श्रेष्ठ भारत, हर घर तिरंगा कार्यक्रम, निःशुल्क टीकाकरण सहित अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों से सम्बंधित चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी है। इस अवसर पर सूचना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के अलावा काफी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा आमजन उपस्थित रहें।

## अटाला हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद पंप को मिली ज़मानत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** 10 जून को जुमे की नमाज़ के बाद अटाला व कई स्थानों पर पुलिस और जनता के बीच झड़प, आगजनी व हिंसा के मामले में गिर॰फ्तार किए गए मास्टरमाइंड जावेद मोहम्मद को न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत दे दी है। अभी जावेद जेल में ही रहेगा। हिंसा का मास्टरमाइंड जावेद पर एनएसए समेत अन्य मामलों में जमानत नहीं मिली है।



## अतीक के पुत्र अली और उसके साथियों पर पुलिस गैंगस्टर कार्रवाई की कर रही है तैयारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के छोटे बेटे अली अहमद पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई होने के बाद उस पर पुलिस का शिकंजा और कस जाएगा। अली के साथ उसके और कई साथियों पर भी गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। इसके लिए प्रयागराज पुलिस ने गोपनीय तरीके से कार्रवाई शुरू कर दी है। 30 जुलाई को अली ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। तब से वह नैनी जेल में है। करेली पुलिस ने अली और उसके साथियों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। माफिया की जमीन कहां से कहां तक है, उसे चिह्नित कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी पूरामु॰फ्ती उपेंद्र प्रताप सिंह ने साफ तौर पर कुछ कहने से इन्कार कर दिया, लेकिन यह जरूर कहा कि माफिया अतीक अहमद की और बेनामी संपत्तियां जल्द ही सामने आएंगी।



## स्थानीय उत्पादों का अधिक से अधिक कर प्रयोग कर मेक इन इंडिया में योगदान करें- संगम लाल गुप्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज तुलसी सदन (हदीहाल) सभागार में प्रधानमंत्री जी के मूल मंत्र 'वोकल फॉर लोकल' के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद संगम लाल गुप्ता द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर स्थानीय ओडीओपी उत्पादों एवं हस्तशिल्प उत्पादों के विभिनन्‍ स्टॉल लगाए गए जिसका अवलोकन सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व जनसामान्य द्वारा किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से किया गया। इस अवसर पर सांसद जी ने कहा की अब वह समय आ गया है कि हम माननीय प्रधानमंत्री जी के इस मूल मंत्र को पूरी तरह से अपने जीवन में आत्मसात कर ले, यानी कि स्थानीय उत्पादों का प्रयोग अधिक से अधिक करें और इसका प्रचार करने तथा वैश्विक बनाने का प्रयास करें , तभी तो हम मेक इन इंडिया के सपनों को पूरा करने में अपने आपको सामर्थ्य महसूस करेंगे।उन्होंने कहा की सभी भारतीय उत्पादों का लोकल से ग्लोबल बनाने का यह बड़ा अवसर है इसलिए वोकल ऑफ लोकल हम बने, तभी भारत अपनी आत्मनिर्भरता को प्राप्त कर सकेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम स्थानीय उत्पादों



का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें और उसके प्रयोग करने में गर्व महसूस करें । हमें इसे बढ़ावा देना होगा, तभी हम भारतीयों के लिए भारत में निर्मित उत्पाद की क्षमता व गुणवत्ता में बढ़ोतरी हो सकेगी तथा भारत प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ सकेगा। कार्यक्रम में आए हुए लोगों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए जिला उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने मई 2020 में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वह वोकल फॉर लोकल का मंत्र दिया। कोविड-19 महामारी एवं वैश्वीकरण में बदलती आत्मनिर्भरता को देखते हुए उन्होंने कहा था कि अब समय आ गया है कि हम स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें और आज जिसके अंतर्गत यह प्रदर्शनी और कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ऋण वितरण भी किया गया, जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत सुदीप कुमार यादव को आयल मिल के लिए 25 लाख एवं अमित तिवारी को आयल मिल के लिए 10 लाख का डेमो चेक दिया गया। इसी तरह से एक जनपद एक उत्पाद योजना के लिए विवेक कुमार सरोज को आंवला उत्पाद के लिए 10 लाख एवं विनोद कुमार को आंवला उत्पाद के लिए 5 लाख का डेमो चेक दिया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत मिहिर भारती को टेंट हाउस लगाने के लिए 10 लाख का तथा कृष्ण कांत शर्मा को पेपर कप प्लेट बनाने के लिए 10 लाख का डेमो चेक वितरित किया गया इस अवसर पर खादी ग्राम उद्योग विभाग द्वारा राम खेलावन प्रजापति और अरविंद कुमार को इलेक्ट्रॉनिक चाक का वितरण भी अतिथियों द्वारा किया गया। हस्तशिल्प उत्पादों एवं ओडीओपी उत्पादों की प्रदर्शनी दिनांक 23 सितंबर से 25 सितंबर तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संचालित रहेगी। कार्यक्रम के संयोजक ओम प्रकाश पांडेय सदस्य सलाहकार समिति एफसीआई उत्तर प्रदेश रहे। इस अवसर पर जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी विनोद कुमार, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला एमआईएस प्रबंधक वंदना सिंह, सहायक प्रबंधक एच एन सिंह, भाजपा के राजेश सिंह जिला महामंत्री ,राघवेंद्र शुक्ला मीडिया प्रभारी ,सुनील गोयल जिला संयोजक भाजपा प्रकोष्ठ, रोशन लाल उमर वैश्य, मोहम्मद अनाम, सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, विवेक उपाध्याय, एआरपी धर्मेंद्र ओझा एवं पार्टी के अन्य महत्वपूर्ण सम्मानित पदाधिकारी और अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मजिस्ट्रेट की जांच के बाद आज तय होगा दोषी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** राजरूपपुर के बाल संरक्षण गृह में यौन शोषण के मामले में मजिस्ट्रेट की टीम शुक्रवार को अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री को भेजेगी। टीम की रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई तय की जाएगी। मामले में डीपीओ पंकज कुमार मिश्र की जांच टीम ने बाल संरक्षण गृह को क्लीन चिट दे दी है। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मजिस्ट्रेट को जांच का आदेश दिया था। एसडीएम ज्योति रानी मौर्य और सीडीपीओ बहरिया अशोक कुमार की टीम गठित की थी। टीम की जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को शुक्रवार को सौंपी जाएगी। राजरूपपुर के बाल संरक्षण गृह में बुधवार को यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया था। बाल संरक्षण समिति की टीम ने जांच में यह बात पाई।




## फीस वृद्धि के खिलाफ छात्रों ने कराया सामूहिक मुंडन और पिंड दान



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्रों का आमरण अनशन शुक्रवार को 18वें दिन भी जारी है। फीस बढ़ाने के विरोध में यह छात्र आंदोलन कर रहे हैं। वे छात्र संघ भवन के बाहर अनशन पर बैठे हैं। दोपहर के वक्त प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया। गुस्साए छात्रों ने यूनिवर्सिटी के छात्र संघ कार्यालय गेट पर सामूहिक मुंडन कराया। अब तक 3 छात्रों ने मुंडन कराया है।छात्रों ने बताया कि गुरुवार को कुलपति संगीता श्रीवास्तव की शव यात्रा निकाली थी। रात में 12 बजे सत्यम कुशवाहा नामक छात्र ने कुलपति का प्रतीकात्मक शव जलाया। आज शुक्रवार को सभी छात्र फिर अनशन स्थल पर जुट गए। यहां सामूहिक मुंडन करा रहे हैं और पिंडदान हो रहा है। कल तेरहवीं का आयोजन कराया जाएगा। मुंडन कराने वाले छात्रों में वेदप्रकाश सिंह, प्रवेश सिंह, सत्यम कुशवाहा, राहुल सरोज, अमित यादव और अभिषेक शुक्ला शामिल हैं।

## बादलों की गर्जना से गूंजा पूरा जिला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** शुक्रवार दोपहर बाद प्रयागराज में मौसम का मिजाज बदल गया। अचानक बादलों की जोरदार गर्जना से भय की स्थिति बन गई। शायद पहली बार ऐसा हुआ कि लोग बिजली की तड़तड़ाहट से घबरा रहे थे। दोपहर करीब सवा तीन बजे देखते ही देखते तेज वर्षा शुरू हो गई। सड़कों पर चल रहे दोपहिया और पैदल वाहन चालक सड़क छोड़कर किनारे दुबक गए। वर्षा के बीच बादलों की भीषण गर्जना माहौल को और भयावह बना रही थी। शहर से लेकर देहात तक कई इलाकों में बिजली गिरने की खबर है। कौशांबी के पूरामुफ्ती इलाके के तेवरा गोविंदपुर में वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई।

## स्वास्थ्य अमृत जन सम्मान का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सफलतापूर्वक 04 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''04 वर्ष आयुषमान,स्वास्थ्य अमृत जनसम्मान'' का आयोजन किया गया। विधायक सदर के प्रतिनिधि की अध्यक्षता में कराया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड का वितरण कराया गया जिसमें उपचारित लाभार्थियों द्वारा योजना के सम्बन्ध में अपने अनुभव भी साझा किये गये। डा0जी0एम0 शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये जनपद के लाभाथिर्यों से आग्रह किया गया कि वह यथाशीघ्र अपने-अपने आयुष्मान कार्ड बनवा लें। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेंद्र मौर्या के प्रतिनिधि आशीष मौर्या,राघवेन्द्र शुक्ला, मीडिया प्रभारी भा0ज0पा0, डा0जी0 एम0शुक्ला,मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0आर0 एस0 राम0नोडल अधिकारी (आयु0भा0यो0), डा0सुधाकर सिंह जिला कार्यक्रम समन्वयक(आयु0भा0यो0) विवेक मिश्रा डी0आई0 एस0 एम0,अंजनी कुमार डी0 जी0 एम0 एवं अन्य जन उपस्थित रहे।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |


प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **30 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# चार लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज पुलिस ने चलाया बुलडोजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** आदर्श मिश्रा की गोली मारकर हत्या किए जाने का गम बुधवार को दूसरे दिन गांव वालों के चेहरे पर नजर आया। हरिहरपुर संगीत अकादमी में सननटा पसरा रहा। हत्याकांड की रात जैसे-तैसे जरूर बीत गई, लेकिन सुबह भीड़ से गांव अटा पड़ा था। नृशंस हत्या से लोगों का तमतमाया चेहरा देख पुलिस सुबह ही बुलडोजर लिए धमक पड़ी थी। दोपहर बाद बुलडोजर चला तो मुख्य आरोपित की पोखरी का अतिक्रमण हटाया गया। डीएम विशाल भारद्वाज के पहुंचने पर सुबह अर्थी उठी तो मां, बहन व नात-रिश्तेदारों के बिखलने से माहौल गमगीन हो उठा। यूं तो जान लेने जैसी घटना के पीछे की सच्चाई पुलिस की जांच में ही सामने आ पाएगी, लेकिन तहरीर में छेड़खानी ही दर्शाया गया है। छेड़खानी कब और किसके साथ




हुई, यह भी फिलहाल स्पष्ट नहीं है। गांव के लोगों का यह भी कहना था कि आरोपित भी आदर्श के मित्र थे। ऐसे में जान लेने तक की नौबत कई सवाल खड़े कर रहा है। आदर्श की हत्या के बाद एक बारगी ग्रामीण आंदोलन की राह पकड़े। वेदांता हास्पिटल के बाहर जाम लगा दिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने की कोशिश की तो भड़क उठे, लेकिन मान-मनौव्वल के बाद शव को पुलिस मार्चरी ले जा पाई। बुधवार की सुबह अर्थी उठी जरूर, लेकिन ग्रामीणों ने फिर से शव को सड़क पर रख दिया। हत्यारों को फांसी दो के नारे के साथ माहौल गर्म हुआ, तो पुलिस को पसीना छूट गया। हालांकि, कुछ सभ्रांतजन के समझाने पर लोग अंतिम संस्कार के लिए राजघाट रवाना हो गए।

# मां का मोबाइल चुराया फिर बच्चे का अगवा कर मांगी 20 हजार फिरौती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर जिले के बेलघाट के बलुआ गांव में बच्चे को अगवा कर 20 हजार रुपये फिरौती मांगी गई थी। मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अपहृत बच्चे नीलेश को भी सकुशल बरामद कर लिया। आरोपित को गुरुवार दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। यह है पूरा मामला एसपी साउथ अरुण सिंह ने गुरुवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 सितंबर की शाम




बेलघाट के बलुआ गांव की रहने वाली आशा देवी का मोबाइल फोन चोरी हो गया था। उस दिन रात में खाना खाने के बाद बच्चे नीलेश संग सो गई। सुबह जगी तो बच्चा गायब था। साथ ही घर मे काम करने वाला अनिल भी गायब था। इधर अनिल ने आशा के चोरी हुए मोबाइल से पहले उनके रिश्तेदार फिर देवरानी को फोन कर बच्चे के एवज में 20 हजार की मांग की। रुपये न देने पर हत्या की धमकी दी। सूचना पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया और आरोपी के चंगुल से बच्चे को मुक्त कराया फिर उसे गिरफ्तार किया।

# सीएम योगी ने गोरखपुर में सुनी फरियाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए हुए हैं। शुक्रवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में जनता दरबार लगा। मौके पर मौजूद अधिकारियों को सीएम ने निर्देश दिया कि हर किसी के साथ न्याय होना चाहिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में जमीन-जायदाद और इलाज के मामले आए। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को जमीन की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही इलाज के लिए धन की मांग लेकर आए लोगों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आगे बढ़कर वह यह सुनिश्चित



करें कि किसी भी व्यक्ति का इलाज धन के अभाव में रुकने न पाए। बहुत से लोग जमीन के विवाद का मामला लेकर पहुंचे थे। इसके अलावा बहुत से इलाज के लिए धन देने की सिफारिश कर रहे थे। उन्होंने 100 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी। शुक्रवार सुबह हमेशा की तरह तड़के अपने आवास से निकलने के बाद योगी ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर शीश नवाया। मंदिर परिसर के भ्रमण और गोसेवा के बाद वह हिंदू सेवाश्रम गए, जहां सुबह से ही अपनी समस्या बताने के लिए लोग उनका इंतजार कर रहे थे।




# मुख्तार अंसारी गैंगस्टर के मामले में भी दोषी करार पांच साल की सजा और ५० हजार का जुर्माना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को



23 साल पुराने एक मामले में गैंगस्टर का दोषी करार दिया गया है। उसे पांच साल की जेल व 50 हजार रुपये जुर्माने की सुनाई गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गैंगस्टर एक्ट के तहत 23 साल पुराने एक मामले में भी मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने उसे पांच साल कारावास और पचास हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह निर्णय राज्य सरकार की अपील पर पारित किया है। सरकारी वकील राव नरेंद्र सिंह के अनुसार राज्य सरकार ने मुख्तार को गैंगस्टर के इस मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा बरी किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। मामले की एफआईआर वर्ष 1999 में थाना हजरतगंज में दर्ज की गई थी।

# मुख्यमंत्री योगी ने बाढ़ प्रभावित जिलों का किया हवाई सर्वेक्षण, अफसरों को दिए निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती,




अयोध्या, गोंडा और बाराबंकी का हवाई सर्वेक्षण किया और अफसरों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने सरयू नदी के आसपास के जिलों गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, अयोध्या, गोंडा और बाराबंकी का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सीएम योगी ने जिलाधिकारियों को इन जिलों के प्रभावित गांवों में राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों एवं पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर ठहराने के आदेश दिए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में तैनात की गईं एनडीआरएफ, पीएसी और एसडीआरएफ की टीमें उत्तर प्रदेश के करीब 14 जिलों के 247 गांव में बाढ़ से खराब हुए हालात के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित जिलों के डीएम को बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में तेजी लाने समेत पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने जिलाधिकारियों को बाढ़ से हुई जनहानि, पशु हानि का निर्धारित मानकों के आधार पर सहायता एवं बाढ़ राहत सामग्री के पैकेट्स का वितरण तेज गति से करने का निर्देश दिया।

# गोरखपुर जिले के 46 गांवों तक पहुंचा बाढ़ का पानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** चलाई जा रहीं 40 नावेंआपदा कार्यालय से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, घाघरा नदी का जलस्तर अयोध्या में कम हुआ, लेकिन देवरिया के बरहज में यह



नदी खतरे के निशान से 1.35 मीटर ऊपर बह रही है। राप्ती नदी का जलस्तर अब घट रहा है। यह नदी खतरे के निशान से 49 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। राप्ती और घाघरा नदी का पानी अब जिले के 46 गांवों तक पहुंच गया है। इन गांवों में नावें लगाई गई हैं। फसलें डूब चुकी हैं। ग्रामीणों ने आसपास के बंधों पर सहारा लिया है। हालांकि, नदियों का जलस्तर तेजी से नहीं बढ़ रहा है। इस वजह से राहत की उम्मीद जताई जा रही है। गोर्रा नदी का जलस्तर भी स्थिर है। बारिश थमने के बाद नदियों का जलस्तर भले नीचे आना शुरू हो गया है, लेकिन अब भी 46 गांव पानी में घिरे हुए हैं। उन गांवों के लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन की तरफ से 40 नावों को लगाया गया है। इसके अलावा प्रशासनिक अमला लगातार मॉनीटरिंग कर रहा है। आपदा कार्यालय से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, घाघरा नदी का जलस्तर अयोध्या में कम हुआ, लेकिन देवरिया के बरहज में यह नदी खतरे के निशान से 1.35 मीटर ऊपर बह रही है। राप्ती नदी का जलस्तर अब घट रहा है।

# गहरी खाई में पलटा केमिकल लदा ट्रक चालक खलासी की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** शक्तिनगर हाइवे पर स्थित मारकुंडी घाटी में गुरुवार की रात केमिकल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।



हादसे में चालक-खलासी की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतकों के शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। घटना आधी रात के बाद की है। हाथीनाला की ओर जा रहे ट्रक पर केमिकल भरे ड्रम लदे थे। मारकुंडी घाटी उतरते समय तीसरे मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में चला गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची गुरमा चौकी पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से ट्रक में फंसे चालक-खलासी को बाहर निकलवाया। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में ट्रक के भी परखच्चे उड़ गए। पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुटी है। बता दें कि पहले भी घाटी में इसी स्थान पर हादसा हुआ था। गाजियाबाद से किराना सामान लेकर उड़ीसा जा रहा ट्रक घाटी में पलट गया था।

# कुशीनगर में हादसाः ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बस, चालक सहित छह लोग घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** एक निजी बस तमकुहीराज से सवारी भरकर गोरखपुर के लिए निकली थी। अभी वह पटहेरवा से आगे फोरलेन पर महुअवा गांव के सामने पहुंची थी कि गांव के सामने क्रासिंग पर एक ईट लदी ट्रैक्टर-ट्राली अचानक आ गई।



यह देख बस चालक नियंत्रण खो बैठा और बस ट्रैक्टर-ट्राली से जा टकराई। कुशीनगर जिले के पटहेरवाथाना क्षेत्र के महुअवा गांव के सामने फोरलेन पर शुक्रवार की सुबह तकरीबन सात बजे सड़क पार कर रही ट्रैक्टर-ट्राली से सवारियों से भरी बस टकरा गई। बस तमकुहीराज की तरफ से आ रही थी। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर और बस चालक सहित छह लोग घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुन जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए बचाव शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस व अन्य साधनों से सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया।

# पीएफआई जैसे संगठन बिगाड़ रहे देश का सौहार्द, सीबीआई-ईडी अब पिंजड़े में बंद तोता-मैना नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रामपुर।** शुक्रवार को रामपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि जो लोग एजेंसियों, कोर्ट, सरकार और सिस्टम पर सवाल उठा रहे हैं, वो खुद सवालों से घिरे हुए हैं। सीबीआई और ईडी आज पिंजड़े में बंद तोता-मैना नहीं




बल्कि कानून का गहना हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि सीबीआई और ईडी आज पिंजड़े में बंद तोता-मैना नहीं बल्कि कानून का गहना हैं। शुक्रवार को रामपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि जो लोग एजेंसियों, कोर्ट, सरकार और सिस्टम पर सवाल उठा रहे हैं, वो खुद सवालों से घिरे हुए हैं  नकवी ने कहा कि 'करप्शन के क्रांतिकारियों', 'बेईमानी के बाहुबलियों' का बुरा वक्त चल रहा है। इसलिए बौखलाहट में 'बेबुनियाद बयानबहादुर' बन बैठे हैं। नकवी ने कहा कि मदरसों और वक्फ के सर्वे पर सवाल करने वाले 'सियासती साजिश के सूत्रधार' हैं। भय और भ्रम का माहौल बना कर लोगों का भावनात्मक शोषण इनकी फितरत है। नकवी आगे बोले कि किसी को न डरने की जरूरत है न डराने की। सभी के संवैधानिक अधिकार पूरी तरह से सुरक्षित हैं, उन पर कोई हमला नहीं हो सकता। पीएफआई जैसे कुछ संगठन देश के सौहार्द के ताने-बाने को ध्वस्त करने की सांप्रदायिक साजिश कर रहें है। हम सब को मिल कर ऐसे किसी भी षड्यंत्र को नाकाम करना है। धर्म को 'सुरक्षा कवच' बनाकर आतंकवाद का कर्म करने वाले मुल्क, मजहब, मानवता के दुश्मन हैं। इससे पहले नकवी ने मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में भर्ती रामपुर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी से मिलकर उनका हालचाल पूछा और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमें काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मंदिर के बाहर मनमानी कीमत पर माला-फूल-प्रसाद बेचने वालों की खैर नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**काशी।** पुलिस ने चेताया श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर बगैर रेट लिस्ट के माला-फूल और प्रसाद बिक्री करने वालों की खैर नहीं है। पुलिस सोमवार से चेकिंग अभियान चलाकर दुकानों में रेट लिस्ट की पड़ताल करेगी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को श्री काशी विश्वनाथ धाम से पहले अजीब तरह की समस्या से रोजाना दो चार होना पड़ता है। मंदिर के बाहर दुकानदारों ने लॉकर निशुल्क का बोर्ड तो लगा रखा है लेकिन माला, फूल और प्रसाद के नाम पर वह पूरी वसूली कर लेते हैं। अब ऐसा करने वाले दुकानदारों की खैर नहीं है। पुलिस सोमवार से चेकिंग अभियान चलाकर दुकानों की पड़ताल करेगी। सभी दुकानदारों को माला-फूल-प्रसाद का रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य होगा। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के पास फूल-माला और प्रसाद की बिक्री करने वाले दुकानदारों संग शुक्रवार को चौक पुलिस ने बैठक की। इस दौरान तय रेट पर ही फूल-माला और प्रसाद की बिक्री को लेकर निर्देशित किया गया। पुलिस ने चेताया कि सोमवार से




बगैर रेट लिस्ट के सामान बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दुकानों के बाहर रेट लिस्ट चस्पा जरूर होना चाहिए। यदि कोई भी तय रेट से अधिक दर पर बिक्री करते हुए पाया गया तो कार्रवाई तय है। वहीं, पुलिस ने यह भी चेताया कि नाबालिगों से समान बिक्री करने वाले भी बख्शे नहीं जाएंगे। बैठक में दुकानदारों की परेशानियों और समस्याओं को भी सुना गया। प्रभारी निरीक्षक चौक शिवाकांत मिश्रा ने अपना विजिटिंग कार्ड दुकानदारों में वितरित किया। मंदिर के बाहर मनमानी कीमत पर माला-फूल-प्रसाद बेचने वालों की खैर नहीं, पुलिस ने चेताया न्यूज डेस्क, अमर उजाला, वाराणसी श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर बगैर रेट लिस्ट के माला-फूल और प्रसाद बिक्री करने वालों की खैर नहीं है। पुलिस सोमवार से चेकिंग अभियान चलाकर दुकानों में रेट लिस्ट की पड़ताल करेगी। दुकानदारों संग बैठक करते पुलिस अधिकारी दुकानदारों संग बैठक करते पुलिस अधिकारी - विस्तार बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को श्री काशी विश्वनाथ धाम से पहले अजीब तरह की समस्या से रोजाना दो चार होना पड़ता है। मंदिर के बाहर दुकानदारों ने लॉकर निशुल्क का बोर्ड तो लगा रखा है लेकिन माला, फूल और प्रसाद के नाम पर वह पूरी वसूली कर लेते हैं। अब ऐसा करने वाले दुकानदारों की खैर नहीं है। पुलिस सोमवार से चेकिंग अभियान चलाकर दुकानों की पड़ताल करेगी। सभी दुकानदारों को माला-फूल-प्रसाद का रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य होगा। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के पास फूल-माला और प्रसाद की बिक्री करने वाले दुकानदारों संग शुक्रवार को चौक पुलिस ने बैठक की। इस दौरान तय रेट पर ही फूल-माला और प्रसाद की बिक्री को लेकर निर्देशित किया गया। पुलिस ने चेताया कि सोमवार से बगैर रेट लिस्ट के सामान बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दुकानों के बाहर रेट लिस्ट चस्पा जरूर होना चाहिए। यदि कोई भी तय रेट से अधिक दर पर बिक्री करते हुए पाया गया तो कार्रवाई तय है। वहीं, पुलिस ने यह भी चेताया कि नाबालिगों से समान बिक्री करने वाले भी बख्शे नहीं जाएंगे। बैठक में दुकानदारों की परेशानियों और समस्याओं को भी सुना गया। प्रभारी निरीक्षक चौक शिवाकांत मिश्रा ने अपना विजिटिंग कार्ड दुकानदारों में वितरित किया। दुकानदारों संग बैठक करते पुलिस अधिकारी दुकानदारों संग बैठक करते पुलिस अधिकारी - उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की समस्या होती है तो तत्काल संपर्क करें।

# 10 फीट पर लटक रहा है 33 हजार वोल्टेज तार कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटनाएं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** स्थानीय डाला नगर पंचायत के क्षेत्र सेक्टर बी चौराहे पर डाला से ओबरा संपर्क मार्ग के ऊपर से गुजरने वाली 33 हजार हाई बोल्टेज तार निचे झुकने सट रहें पेड़ के टहनी को काट कर हटा दिया गया लेकिन क्षेत्र सहित आसपास लोगों के साथ आज भी बड़ी दुर्घटना होने सम्भावना बनी हुई है क्योंकि डाला से ओबरा संपर्क मार्ग के ऊपर से गुजरने वाली 33 ने बताया कि वहीं कई वर्षीं से हनुमान विश्वकर्मा के खेत से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइन के तार जमीन से लगभग दश फिट ऊपर झुकने से हादसा होने का खतरा बना हुआ है। हनुमान विश्वकर्मा ने बताया







के वजह से बड़ी दुर्घटना होने की सम्भावना बनी हुई है प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिते बुधवार को डाला सब स्टेशन क्षेत्र के सेक्टर बी चौराहा के पास एक गुमती के बगल मे 33 हजार हाई बोल्टेज तार पेड़ से टकराते हुए स्पार्कींग करते हुए आग लग गया जिसको आनन फानन में विजली विभाग के कर्मीयों द्वारा आग बुझाने के बाद तार से हजार हाई बोल्टेज तार निचे महज लगभग दस से पंद्रह फिट निचे झुक गया है जो कभी भी कोई भारी वाहन भी चपेट में आ सकता है और बड़ी दुर्घटना हो सकती है सूत्रों की मानें तो निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए विजली विभाग के द्वारा स्थानीय लोगों के जीवन जान माल के खिलवाड़ करता दिखाई दे रही है इस दौरान दशरथ चौधरी कि इसकी कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई खेत के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की एचटी लाइन गुजर रही है। जिसके कारण हम खेती नहीं कर पाते हैं डर है कि यदि तार में सट गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। हमारे खेत मे लगभग 10 फिट हाइट पर तार लटक रहा हैं।

# अनपरा के विकास के लिए मुख्यमंत्री से मांगा पैकेज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिले के समग्र विकास के लिए जनपद के समाज कल्याण राज्यमंत्री और पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालकेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। से बेदखली की कार्रवाई की बात को प्रमुखता से उनके समक्ष रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें फिलहाल बेदखल न किए जाने की बात कही। बताया कि जब परियोजना को इस भूमि की आवश्यकता पड़ेगी जारी कराकर कार्य को संपादित कराया जाएगा। नवसृजित अनपरा नगर पंचायत में विकास जैसे सड़क, बिजली, पानी व संपर्क मार्ग के कार्य के लिए विशेष राशि भी आवंटित की जाएगी।



उन्हें अनपरा में व्याप्त समस्याओं से रूबरू कराया। अनपरा क्षेत्र के विकास के लिए विशेष राशि मुहैया कराने की मांग की। राज्य मंत्री ने परियोजनाओं की ओर तो श्रमिकों को वहीं पर आवास आवंटन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र के विकास और सड़कों के निर्माण के लिए वन विभाग को अनापत्ति इसके साथ ही अनपरा नगर पंचायत के रहवासियों परियोजना में कार्यरत संस्थानों में नौकरी में विशेष वरीयता देने का भी आश्वासन दिया।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की वजह से 4 महीने की प्रेग्नेंट महिला की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(मधुपुर) सोनभद्र।** रावट्र्सगंज कोतवाली थाना अंतर्गत मधुपुर/ नोगढ़ के पास अवैध क्लिनिक में चट्टी चौराहे पर अपनी दुकानें चलाने में जुटे हुए है फर्जी डाक्टर अपनी अवैध कमाई का जरिया बनाया है। स्वास्थ्य विभाग कब तक अपनी



जच्चा बच्चा की हुई इलाज हालत गम्भीर देखते उरमौरा में एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया परिजनो ने भर्ती यहां भी कुछ सुधार न होने पर महिला को भेजा गया बीएचयू वहां भी दो घण्टे इलाज के बाद एक प्राइवेट में कराया भर्ती स्थिति सुधार नही हुई 2: 30 बजे महिला की मौत हो गयी। झोला छाप डाक्टर बाहबाहि लूटेगा एक नमूना इधर फिर आ गया ।एक तरफ हॉस्पिटल सील होता है दूसरी तरफ खुल जाता है। सूचना पर पहुचे चौकी इंचाज सुकृत ने बताया कि निवासी - नागनार हरैया का है मामला परिजनों से जानकारी लिया तो बताया कि हॉस्पिटल पर कार्यवाई हो जिससे कि हमारे पतने की मौत हुई है।

# 2022एनटीपीसी सिंगरौली में हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

## एनटीपीसी सिंगरौली में हिंदी पखवाड़ा-2022 के तहतविभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सिंगरौला।** शक्तिनगर में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से दिनांक 14-29 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़ा-2022 का वृहद दायित्व है कि हम हिंदी के नियमों का पालन सुनिश्चित कर एनटीपीसी एवं इस देश को गौरवान्वित करें इस वर्ष जन-जन तक हिंदी के संदेश को पहुचाने के उद्देश्य से विद्युत गृह के कर्मचारियों गृहणियों हेतु हिंदी निबंध लेखन, भाषण, हिंदी प्रतियोगिताओं में सभी प्रतिभागियों की भारी भागीदारी देखी जा रही है। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में हिंदी राजभाषा को प्रोत्साहन देने हेतु बैनर, ई-मैगज़ीन, प्रेस पत्र आदि भी हिंदी भाषा में जारी किए जाते हैं। इसके



आयोजन किया जा रहा है एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। हिंदी के प्रसार हेतु श्री बसुराज गोस्वामी,परियोजना प्रमुख द्वारा यह संदेश दिया गया कि भारत सरकार प्रेरणा एवं प्रोत्साहन नीति के तहत हिंदी के हित में व्यापक कदम उठा रही है एवं हम सब का सांविधानिक सुझाव, हिंदी प्रशनेत्तरी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा रही हैं । इस क्रम में हिंदी पखवाड़े के दौरान आवसीय परिसर में संचालित विद्यालयों के विद्याथिर्यों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे हिंदी निबंध, हिंदी भाषण आयोजन किए जा रहें है । सभी हिंदी पखवाड़ा अतिरिक्त भी हिंदी को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रकार के हिंदी कार्यशाला, संगोष्ठी, कवि सम्मेलन,समारोह आदि का निरंतर आयोजन किया जाता है ।एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर परियोजना भविष्य में भी हिंदी को बढ़ावा हेतु प्रतिबद्ध है एवं हिंदी के हित में सार्थक कदम उठाती रहेगी ।


# वन विभाग के अधिकारियों ने आदिवासियों पर कहर बरसा रहे है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र ।**एक तरफ केंद्र व प्रदेश की सरकार आदिवासियों को उनका हक दिलाने के लिए वनाधिकार के तहत पट्टे सौंप रही मामला सामने आया है विकासखंड चोपन अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के तेलगुड़वा का जहां पीडि़त कन्हई पुत्र रामप्रसाद को 20 वर्ष पुर्व वनाधिकार के तहत 1 बीघा पट्टा









है तो वहीं वन विभाग के अधिकारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे वह आदिवासियों पर कहर बरपा रहे हैं ऐसा ही एक सनसनीखेज मिला था जिसपर उनके द्वारा वर्षों से जोतकोड़ की जा रही थी बुधवार को अपनी जमीन पर जोत कोड़ करने के बाद वह घर पहुंच कर खाना खा रहे थे की उसी दौरान वन विभाग के कर्मचारी इरफान और देवी मौके पर पहुंचकर उन्हें भद्दी भद्दी गालियां देने लगे और उन्हें उसी समय उठाकर वन विभाग कार्यालय तेलगुड़वा ले गए और कमरे में बंद कर उन्हें बेहोश होने तक लाठी डंडे से मारते पीटते रहे इसके बाद उन्हें कमरे में ताला बंद कर चले गए दो-तीन घंटे बाद वापस आकर पीडित को धमकी देते हुए छोड़ दिया, पीडित ने बताया कि चोट इतनी गंभीर है कि सूजन के साथ पैरों में गांठ पड़ गयी है उन्हें लाठी के सहारे चलना पड़ रहा है, और तबीयत भी खराब है, बताते चलें की जनपद में सुबे के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गौड़ आदिवासी समाज से आते हैं और आदिवासियों के उत्थान के लिए कटिबद्ध भी हैं लेकिन वन विभाग के इस तानाशाही और क्रूर रवैये से आदिवासी समाज के लोगों में भय का माहौल बना है ।

# मिर्जापुर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** जीडी बिननी कालेज के छात्रसंघ अध्यक्ष पर डकैती का मुकदमा दर्ज, एक युवक को भरुहना चौराहे पर मारपीट कर किया था घायल, मारपीट कर अवैध असलहा दिखा धमकी देकर सोने की चैन, मोबाइल और लुटा था 21 हजार रुपये, युवक विशाल त्रिपाठी और अभिषेक त्रिपाठी के साथ छात्र संघ अध्यक्ष नवीन यादव, रामेश्वर यादव, हर्षित सिंह और 15-20 अज्ञात ने किया था मारपीट और लूटपाट, धारा 395, 147,148 और 323 में मुकदमा हुआ दर्ज, देहात कोतवाली के भरुहना चौराहे का मामला ।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। घटना पड़री थाना क्षेत्र के बंगला चौकिया गांव का है। महिला का नाम कुन्दन बिंद पतनी स्व बद्री बिंद निवासी बंगला चौकिया। नहर पर खेत में घास काटते वक्त गिरी आकाशीय बिजली हुई, मौत।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विन्ध्याचल मीरजापुर।** प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के पूर्व मुख्यमंत्री सुरक्षा दल के लोगों ने विन्ध्यवासिनी मन्दिर , परिक्रमा पथ से पक्काघाट इत्यादि तक पैदल घूमकर सुरक्षा बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की । अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ला व पुलिसअधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति ने उक्त दस्ते के साथ भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण कराया ।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** मिर्जापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर बृहस्पतिवार की सुबह आसनसोल एक्सप्रेस से गिरकर एक यात्री ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच चला गया। लोगों ने ट्रेन रुकवायी। किसी तरह से उसे बाहर निकाला गया। हादसे में यात्री घायल हुआ, पर जान जाने से बच गई। इससे पहले पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पर चढ़ते समय यात्री गिरकर घसीटता चला गया। जिसे ट्रेन के अंदर से यात्री ने खींचकर जान बचाया। सुबह के समय दो घटनाओं से रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में हलचल मचा रहा।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** मिर्जापुर विंध्याचल थाना क्षेत्र के अटल चौक पर बृहस्पतिवार की सुबह अज्ञात वाहन ने एक मजदूर को कुचल दिया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। हादसे की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर अमरावती के पास पहुंचे परिजनों ने जाम लगा दिया। अधिकारियों के समझाने के बाद जाम समाप्त हुआ।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** मिर्जापुर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट से मोबाइल प्रयोगशाला वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नवरात्र मेला में इसी सचल प्रयोगशाला से खादय पदार्थी की जांच की जाएगी। साथ ही खादय पदार्थी की शुद्धता के लिये जागरूक भी किया जायेगा।

# नवरात्र मेला के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शीतला धाम का किया निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने गंगा घाट व मंदिर क्षेत्र में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को आने और जाने के लिए बैरेकेटिंग व्यवस्था के बारे में ली विस्तृत जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विन्ध्याचल मीरजापुर।** मीरजापुर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने चुनार कोतवाली क्षेत्र के अदलपुरा पुलिस चैकी पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमे मंदिर समिति के अलावा प्रबुद्ध सम्मानित लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो से नवरात्रि मेला में समस्याओं को लेकर जानकारी ली गयी। लोगो के द्वारा बताया की अदलपुरा से लेकर शीतला धाम तक सड़क पूरी तरह गड्ढे में तब्दील हो गया है श्रद्धालुओ की भीड़ को देखते हुए सड़क की मरम्मत कराई जाए तथा विद्युत आपूर्ति खराब होना बताया गया। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता सुपुष्प कुमार, उपखंड अधिकारी विपिन पटेल को निर्देशित करते हुये कहा कि शीतला धाम में नवरात्र में निर्वाद रूप से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने सड़क की मरम्मत कराने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि नवरात्र मेला से पूर्व सड़को की मरम्मत कराया जाय। खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारतीय को निदेर्शित करते हुये कहा कि साफ सफाई, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (नक्सल) महेश सिंह अत्री, पुलिस उपाधीक्षक रामानंद राय, तहसीलदार नुपुर सिंह, नायब तहसीलदार अरुण यादव मेला प्रभारी ने लोगो से समस्या के बारे में जानकारी लिया तथा अपना अपना विचार प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओ को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही होना पाये।मेला परिसर में दुकानदार दुकान के अंदर ही लगाए दुकान -पुलिस अधीक्षक गंगा के बढ़ते जल स्तर के दृष्टिगत पानी के गहराई की कराई गई माप, गहरे पानी में बैरकेटिंग कराने तथा पुलिस की ड्यूटी लगाने का निर्देश गंगा घाटों पर नाव व गोताखोर, की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश।

# सोनभद्र में चोरी की 9 मोटरसाइकिल बरामद, दो आरोपित गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज कोतवाली पुलिस, सर्विलांस और एसओजी लाइन सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय ने बताया कि क्राइम ब्रांच



टीम ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 9 मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों का चालान कर जेल भेज दिया। पुलिस और राबट्र्सगंज कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को धर्मशाला चौराहा से गिरफ्तार किया है। इसमें रामललित पासवान निवासी कुशरट थाना शाहगंज और राजाराम निवासी इनम, थाना शाहगंज शामिल हैं। उनके पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल मिली, जो बाल चिकित्सालय राबट्र्सगंज से चोरी की गई थी। सीओ ने बताया कि पूछताछ पर दोनों व्यक्तियों ने जानकारी दी कि वे राबट्र्सगंज व उसके आस-पास के क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चुराते हैं। चुराने के बाद चेचिस नंबर मिटा देते हैं व नंबर प्लेट निकाल देते हैं। फिर बेच देते हैं। चुराई गई आठ मोटरसाइकिलों को धर्मशाला और घोरावल रोड पर बरकरा पुलिया के पास सुनसान मकान से बरामद किया गया। सभी के इंजन नंबर, नंबर प्लेट खुरचे हुए थे। कुछ में नंबर प्लेट नहीं थे। इस संबंध में राबट्र्सगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पाण्डेय, सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह, एसओजी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह, एसएसआई मोहम्मद ऐश खां, एसआई शाहिद यादव, मुख्य आरक्षी छेदी सिंह, जगदीश मौर्या, शिवशंकर, अतुल सिंह, अमर सिंह, शशिप्रताप सिंह, आरक्षी अजीत यादव शामिल रहे।

# थम गए ट्रकों के पहिये, बेमियादी हड़ताल पर ट्रक मालिक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**लोडिंग प्वाइंट से ही ओवरलोड रोकने की मांग को लेकर ट्रक मालिकों ने बृहस्पतिवार से बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी। ट्रकों को खड़ा कर डाला में खनन क्षेत्र के बाहर धरने पर बैठ गए। सोनांचल ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के आह्वान पर हड़ताल में कई जिलों के ट्रक मालिक शामिल हैं। हड़ताल से गिट्टी-बालू की ढुलाई ठप हो गई है। धरने पर बैठे ट्रक मालिकों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सिंह ने कहा कि गिट्टी-बालू का परिवहन करने वाले ट्रकों पर आए दिन खनन विभाग चालान और जुर्माने की कार्रवाई कर रहा है। ओवरलोडिंग के आरोप में उन पर मोटा जुर्माना ठोका जा रहा है, जबकि क्षमता से अधिक माल लादने वाले क्रशर प्लांट संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर लोडिंग प्वाइंट से ही निर्धारित



क्षमता से अतिरिक्त माल न लादने की व्यवस्था कर दी जाए तो ओवरलोडिंग की नौबत ही न आए। समस्या के मूल में प्रहार करने के बजाय विभाग ट्रक मालिकों का उत्पीड़न कर रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपाध्यक्ष सोनू मिश्र, सचिव सरफराज अंसारी ने कहा कि कई बार इस बारे में खनिज व जिला प्रशासन के अफसरों को अवगत कराया गया लेकिन उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। विवश होकर हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। रायल्टी का रेट निर्धारित कर परमिट की कालाबाजारी बंद करने की भी मांग की। ट्रक मालिकों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगे नहीं मानी गई 25 सितंबर के बाद वह अनशन शुरू करेंगे। विरोध प्रदर्शन में कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र जायसवाल, मून सिंह, आशुतोष सिंह, विमल सहाय, सतीश सिंह, आशुतोष पाठक, मनीष सिंह, अंकुर कश्यप, विजेंद्र जायसवाल, आशीष सिंह, पंकज राय आदि मौजूद रहे।

# चोपन पुलिस टीम व पीएससी द्वारा जंगलों की गई सघन काम्बिंग


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाए रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी नगर एवं चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व में मय पीएसी बल के साथ थाना क्षेत्र ग्राम कोटा अलउर व गुर्दह के जंगलों की सघन कॉम्बिंग की गई कांम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु अपिल करते हुए उन्हें निडर होकर रहने के लिए कहा गया।



# पंत के समर्थन में उतरे गिलक्रिस्ट बताया क्यों प्लेइंग इलेवन में होना चाहिए रिषभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए जो भारतीय टीम चुनी गई है उस 15 सदस्यीय टीम में रिषभ पंत और दिनेश कार्तिक दोनों का नाम शामिल है लेकिन बीते कुछ मैचों को देखते हुए यह नहीं लगता है कि दोनों को एक साथ अंतिम ग्यारह में मौका मिल सकता है। इन दोनों को लेकर टीम मैनेजमेंट श्योर नहीं है और ये तब है जब वर्ल्ड कप से पहले केवल मैच टीम को खेलने हैं। एशिया कप के पहले मैच में पंत को ड्रॉप कर दिनेश कार्तिक को मौका दिया गया फिर बाकी बचे मैचों में पंत को वापस टीम में लाया गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जब सीरीज शुरू हुई तो एकबार फिर से पंत को ड्रॉप कर कार्तिक को मौका दिया गया। दूसरे टि20वर्ल्ड कप में इन दोनों में कौन प्लेइंग इलेवन में होंगे इस बात का अनुमान कोई नहीं लगा सकता है।टीम इंडिया के इस मुश्किल का हल दिया है ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने जिनकी गिनती सबसे खतरनाक विस्फोटक बल्लेबाजों में होती है। आइसीसी से बात करते हुए गिलक्रिस्ट ने कहा है कि रिषभ पंत की हिम्मत और जिस तरह वह गेंदबाजों को अटैक करते हैं वो साहस देख कर मुझे लगता है कि उसे उस भारतीय लाइन-अप में जरूर होना चाहिए।






पंत और कार्तिक एक साथ भी खेल सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि रिषभ पंत को निश्चित रूप से वहां रहना चाहिएइससे पहले ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ओपनर मैथ्यू हेडन ने भी रिषभ पंत की वकालत की थी कि उन्हें हर मैच में टीम इंडिया के प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होना चाहिए। गिलक्रिस्ट ने पंत और कार्तिक दोनों को टीम में साथ रखने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वे दोनों एक ही टीम में खेल सकते हैं। मुझे लगता है कि वे कर सकते हैं। वे दोनों एक साथ टीम में क्या लाते है दिनेश कार्तिक की बहुमुखी प्रतिभा, वह शीर्ष क्रम में खेल सकते है जैसा कि वह अपने करियर के शुरुआत में कर चुके है और बाद में वह फिनिश भी कर सकते है।

# फॉर्मेट में खेला जाएगा आइपीएल का अगला सीजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली सभी संबद्ध राज्यों को यह सूचित कर दिया है कि इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सीजन फॉर्मेट में खेला जाएगा। चार साल पहले भी आइपीएल को इसी



फॉर्मेट में खेला गया था। आइपीएल 2019 का सीजन इसी फॉर्मेट में खेला गया था लेकिन कोविड-19 और इससे संबंधित प्रोटोकॉल को फॉलो करने के कारण इसे बंद कर दिया गया था। यही कारण है कि आइपीएल 2022 का सीजन केवल 4 शहरों में ही खेला गया था जिसमें पहली बार खेल रही हार्दिक पांड्या की टीम गुजरात टाइटंस चैंपियन बनी थी।

# भारत की हार से विलेन बने भुवनेश्वर के सपोर्ट में खड़ी हुई उनकी पत्नी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में मेहमान आस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली और इस हार के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को ठहराया जा रहा है। इस मैच की दूसरी पारी में भुवी ने 19वां ओवर फेंका था और 16 रन लुटा दिए थे



जिससे कंगारू टीम का काम आसान हो गया था और उन्होंने मैच जीत लिया। यही नहीं इस मैच में अपने चार ओवर के स्पैल में भुवी ने कुल 52 रन दिए थे और ये उनके टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का सबसे महंगा स्पैल साबित हुआ था इससे पहले मोहाली में भुवी ने 17वें ओवर में भी 15 रन लुटाए थे। भुवी के इस खराब प्रदर्शन और टीम इंडिया को मिली हार के बाद उन्हें जमकर ट्रोल किया गया, लेकिन अब भुवी की पतनी उनसे समर्थन में उठ खड़ी हुई और अपने इंस्टा स्टोरी के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया। भुवी की वाइफ ने लिखा कि आजकल लोग इतने बेकार हो गए हैं कि उनसे पास करने के लिए कुछ नहीं है, सिर्फ नफरत और ईर्ष्या फैलाने के लिए उनसे पास पूरा समय है। उन सभी को मेरी सलाह है कि आपके शब्दों से कोई प्रभावित नहीं होता है और आपके अस्तित्व की कोई परवाह नहीं करता है। तो बेहतर है कि अपना समय खुद को बेहतर बनाने में खर्च करें हालांकि इसकी गुंजाईश काफी कम है। आपको बता दें कि एशिया कप 2022 के सुपर फोर में भी भुवी ने भारत के लिए 19वां ओवर पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ फेंका था और खूब रन लुटाए थे जिसकी वजह से भारत को हार मिली थी। हालांकि अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने काफी अच्छी गेंदबाजी की और 5 विकेट लिए, लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका प्रदर्शन 19वें ओवर में फिर से काफी खराब रहा। भारत ने इस मैच में 208 रन बनाए थे, लेकिन इस स्कोर को डिफेंड नहीं कर पाया।

# स्कॉटलैंड ने की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा बेरिंगटन को मिली कमान


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्टूबर में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए स्कॉटलैंड ने अपने 15 सदस्यीय स्क्वॉड की घोषणा कर दी है। अनुभवी बल्लेबाज रिचर्ड बेरिंगटन के हाथों में टीम की कमान सौंपी गई है जबकि पिछले वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया था। बल्लेबाजी की बात करें तो से बेरिंगटन और क्रॉस के अलावा जॉर्ज मुन्से और कैलम मैकलियोड अहम भूमिका में नजर आएंगे। टीम के सेलेक्शन पर मुख्य कोच शेन बर्गर ने कहा, हम टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपने 15 खिलाडियों




करने वाले जोश डेवी और ब्राड व्हील को भी इस स्क्वॉड में शामिल किया गया है। मैट क्रॉस उपकप्तान और विकेटकीपर होंगे। 15 सदस्यीय टीम में लेग स्पिन आलराउंडर क्रिस ग्रीव्स भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड में डेब्यू किया था। उन्होंने स्कॉटलैंड को बांग्लादेश के खिलाफ जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और 45 रनों की पारी खेलकर सुखिर्यां बटोरी थी। टीम में अनकैप्ड ब्रैंडन मैकमुलेन भी शामिल है जिन्होंने घरेलू की घोषणा करने के लिए बहुत खुश और उत्साहित हैं। हमने 15 खिलाडियों का चयन किया है जो हमें विश्वास है कि वे इस वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2022 में उनका पहला मैच 17 अक्टूबर को होबार्ट के बेलेरिव ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा। टीम अगला दो मैच क्रमशः आयरलैंड और जिम्बाब्वे से खेलेंगे। टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 16 अक्टूबर से हो रही है जो 13 नवंबर तक चलेगी जिसमें कुल 45 मैच खेले जाएंगे।

# बारिश बिगाड़ सकती है टीम इंडिया का खेल, प्रैक्टिस सेशन करना पड़ा रद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मोहाली टी20 हारने के बाद 3 मैचों की सीरीज में बने रहने के लिए टीम इंडिया के लिए दूसरा टी20 मैच जीतना बेहद जरूरी है। यह मैच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमें बुधवार को नागपुर पहुंच चुकी है जहां शाम को और फिर देर रात भी जोरदार बारिश हुई। इतना ही नहीं गुरुवार सुबह भी बारिश पहुंचे और उन्होंने पूरा समय इंडोर एक्टिविटी में गुजारा। इसके अलावा खिलाड.ियों ने जिम में अपना पसीना बहाया। ग्राउंड्समैन ने कवल उठाया था लेकिन बूंदा-बांदी के आशंका के कारण फौरन इसे दोबारा लगा दिया गया है। हालांकि वीसीए ऑफिशियल की मानें तो वो सुपर-शॉपर का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मैदान में कोई लीकेज न रहे और तय






हुई और आसमान में बादल छाए रहे। पिछले कुछ दिनों के मौसम को देखते हुए मैच के दिन यानी शुक्रवार को भी बारिश की संभावना है ऐसे में टीम इंडिया के सीरीज में वापसी पर पानी फिर सकता है। टीम फिलहाल 3 मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे चल रही है। लगातार हो रही बारिश और पिच गिला होने के कारण दोनों टीमें गुरुवार को अपना प्रैक्टिस सेशन भी नहीं कर पाई। बारिश के कारण खिलाड़ी स्टेडियम नहीं समय पर तीसरा मैच हो सके। आपको बता दें कि तीन साल बाद नागपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी हुई है और फैंस में इस मैच को लेकर खासा उत्साह है। यही कारण है कि 45,000 क्षमता वाले विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में सारी टिकटें बिक चुकी है। ऐसे में फैंस ये प्रार्थना कर रहे हैं कि मैच के दिन बारिश न हो। हालांकि बारिश के कारण मैच रद होने की स्थिति में फैंस को उनके पैसे लौटाने पर भी वीसीए विचार कर रही है।

# मैच के दौरान कैसा रहेगा मौसम और क्या कहती है पिच रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 3 मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन में खेला जाएगा। पिछले कुछ दिनों के मौसम की बात करें तो फैंस के लिए निराशा भरी खबर है क्योंकि गुरुवार को दोनों टीमें के पिच होने के कारण प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा नहीं ले बिक चुकी है और फैंस 3 साल बाद यहां हो रहे इंटरनेशनल मैच को देखने का मौका गंवाना नहीं चाहते हैं। लेकिन बारिश फैंस की उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। नागपुर के मौसम की बात करें तो दिन में यहां का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस जबकि रात में घटकर 24 डिग्री रहने का अनुमान है। दिन



पाई थी। इतना ही नहीं पिछले कुछ दिनों से यहां लगातार बारिश हो रही है और मैच के दिन यानी शुक्रवार को भी बारिश की संभावना जातई जा रही है। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया सीरीज में पहले ही 1-0 की बढ़त ले चुकी है और टीम इंडिया को सीरीज में वापसी के लिए यह मैच हर हाल में जीतना जरूरी है। पिछले मैच में टीम इंडिया की गेंदबाजी चिंता का कारण रही थी लेकिन जसप्रीत बुमराह की वापसी से गेंदबाजी की समस्या हल हो सकती है। फैंस को उम्मीद भी है कि टीम इंडिया पहले की तरह एकबार फिर सीरीज में वापसी करने में कामयाब रहेगी। यही कारण है कि 45,000 क्षमता वाले इस स्टेडियम की सारी टिकटें पहले ही में धूप खिली रहेगी लेकिन मैच के दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे। मैच के दौरान बारिश की संभावना की बात करें तो इसकी संभावना 18ज्ञ् है। हवा की गति 10 किलोमी/घंटा होगी। आर्द्रता 65 प्रतिशत रहने की उम्मीद है नागपुर की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार होगी और यहां खूब रन बरसेंगे। गेंदबाजों को भी शुरुआती ओवर में मदद मिलेगी। इस मैदान की आउटफील्ड काफी तेज है जो बल्लेबाजों के लिए फायदेमंद है। इस पिच पर जैसे-जैसे मैच होगा यह स्लो होती चली जाएगी। सेकेंड इनिंग्स का औसत स्कोर इस मैदान पर 128 रन रहा है।



# राशिफल



**मेष-:** खुशियों से भरा एक अच्छा दिन। आज आपके सामने आने वाले निवेश के नए अवसरों पर विचार करें।

**वृष-:** आज का दिन एक नया तोहफा लेकर आया है। आज आपके मन में कई सकारात्मक भावनाएँ आएंगी।

**मिथुन-:** आज आपको काम की गुणवत्ता बनाए रखनी होगी। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। थकान और चिंता रहेगी।

**कर्क-:** एक सज्जन के दिव्य वचन आपको संतुष्टि और सांत्वना देंगे। क्रेडिट मांगने वाले लोगों को अनदेखा करें।

**सिंह-:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। माता की कृपा से किए गए कार्यो में आपको सफलता मिल सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या-:** आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। व्यर्थ का धन व्यय होगा। अगर किसी को गुमराह किया जा रहा है, तो आप उस पर नजर रख सकते हैं, लेकिन आपको इसे गुप्त रूप से करना।

**तुला-:** अब इसका कोई भी उपयोग दिल पर अतिरिक्त दबाव डालेगा। आप में शीघ्र धन कमाने की प्रबल इच्छा होगी। ऐसा लगता है कि आप पारिवारिक मोर्चे पर बहुत खुश नहीं हैं

**वृश्चिक-:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी जरूरी काम में सीनियर आपकी मदद कर सकते हैं, जिससे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे।

**धनु-:** आज किसी व्यवसायी व्यक्ति को नया बिजनेस पार्टनर या ऑफर मिल सकता है। अविवाहितों को लंबे समय बाद मिलने का मौका मिल सकता है।

**मकर-:** आज आपका आत्मविश्वास और ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा। आप यात्रा करने और पैसे खर्च करने के मूड में रहेंगे - लेकिन अगर करते हैं।

**कुंभ-:** आज का दिन आत्मविश्वास और उम्मीदों से भरा दिन है। आप जीवन में कुछ करने का निणर्य ले सकते हैं, कुछ नए अनुभव आपको प्राप्त होंगे।

**मीन-:** प्रेमी का साथ पाना आज सबसे बड़ी चुनौती होगी। आपका प्रेमी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। किसी मित्र को परेशानी या परेशानी में देखकर आप भावुक हो जाएंगे।





# टी20 सीरीज में ऐसी हो सकती है टीम इंडिया की प्लेंइंर्ग बुमराह की वापसी से इस गेंदबाज का कट सकता है पत्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीन मैचों की टी20 सीरीज में कंगारू टीम ने 1-0 की बढ़त बना रखी है। टीम इंडिया को अगर इस सीरीज में जीत दर्ज करनी है तो आज का रोकने में सफल नहीं रहे थे। ऐसे में भारतीय टीम मैनेजमेंट और रोहित शर्मा के सामने गेंदबाजी बड़ी चुनौती होगी दूसरे टी20 की प्लेइंग इलेवन की बात करें तो टाप आर्डर में शायद ही कोई बदलाव हो जिसमें रोहित शर्मा के साथ केएल राहुल



मैच जीतना रोहित शर्मा की टीम के लिए जरूरी होगा। नागपुर में खेले जाने वाले इस मैच में भारतीय टीम के सामने कई चुनौतियां हैं, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती उस प्लेइंग इलेवन की चयन का है जिससे कि टीम को जीत मिल सके। पहले मैच में भारतीय टीम ने 208 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था, लेकिन टीम के गेंदबाज विरोधी टीम को पारी की शुरुआत कर सकते हैं। वहीं तीसरे नंबर पर विराट कोहली होंगे जो पिछले मैच में रन नहीं बना पाए थे। केएल राहुल का फार्म में लौटना टीम के लिए काफी अच्छा है तो वहीं रोहित की नजर भी बड़ी पारी खेलने पर लगी होगी। चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव होंगे जो लय में दिख रहे हैं। पांचवें नंबर पर हार्दिक पांड्या नजर आ सकते हैं जिन्होंने पहले मैच में गजब की पारी खेली थी। दूसरे मैच में दिनेश कार्तिक या रिषभ पंत कौन होंगे इससे बारे में कुछ साफ तौर पर कहा नहीं जा सकता है क्योंकि कार्तिक को बल्लेबाजी के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता और वो टीम के लिए पहले मैच में रन नहीं बना पाए थे। ऐसे में देखना होगा कि क्या रोहित शर्मा फिर से पंत को वापस लाते है या नहीं। वहीं टीम में स्पिन आलराउंडर अक्षर पटेल नजर आ सकते हैं। इस मैच में जसप्रीत बुमराह की वापसी हो सकती है ऐसे में हो सकता है कि उमेश यादव को बाहर बैठना पड़े। हर्षल पटेल और भुवी टीम में होंगे क्योंकि वो टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए टीम इंडिया की योजना का हिस्सा हैं। वहीं चहल की जगह आर अश्विन को आजमाया जा सकता है जो बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रिषभ पंत/दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, जसप्रीत बुमराह। रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल।

# सचिन तेंदुलकर व युवराज सिंह की पारी से इंडिया लीजेंड्स जीता, इंग्लैंड को 40 रन से हराया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की तेजतर्रार पारी की मदद से इंडिया लीजेंड्स ने रोड सेफ्टी व?र्ल्ड सीरीज में इंग्लैंड लीजेंड्स को 40 रनों से शिकस्त दी। सचिन की 20 गेंदों में 40 रनों की आक्रामक पारी के लिए उन्हें सिंह ने (नाबाद 31 रन), यूसुफ पठान (27 रन) ने पारियां खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड लीजेंड्स की टीम छह विकेट पर 130 रन ही बना पाई और मैच हार गई। इंडिया लीजेंड्स की तरफ से सचिन तेंदुलकर ने 20 गेंदों पर 3 छक्के व 3 चौकों की मदद से 40 जबकि इरफान पठान 11 रन बनाकर नाबाद रहे। दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को चौथे ओवर में पहला झटका दिमित्री मस्कारेनहास (12) को राजेश पवार ने बोल्ड किया। इसके बाद छठे ओवर में प्रज्ञान ओझा की गेंद को आगे बढ़कर



मैन आफ द मैच का खिताब दिया गया। वर्षा की वजह से मैच को 15-15 ओवर का किया गया था। इंडिया लीजेंड्स ने 15 ओवर में पांच विकेट पर 170 रनों का स्कोर खड़ा किया। सचिन के अलावा इंडिया लीजेंड्स के लिए युवराज रन बनाए तो वहीं युवराज सिंह ने 15 गेंदों पर 3 छक्के व एक चौके की मदद से नाबाद 31 रन की पारी खेली। सुरेश रैना ने भी इस मैच में 8 गेंदों पर एक छक्का और एक चौके की मदद से 12 रन बनाए। इंडिया की तरफ से स्टुअर्ट बिनने 18 रन बनाकर खेलने के प्रयास में कप्तान इयान बेल (12) स्टंप आउट हो गए। सातवें ओवर में रिक्की क्लार्क (09) की स्टुअर्ट बिनने ने गिल्लियां बिखेर दीं। 10वें ओवर में राजेश पवार ने टीम एम्ब्रोस (16) को आउट कर अपना दूसरा शिकार बनाया।

# 18 अक्टूबर को होगी बीसीसीआई की एजीएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) की 91वें एनुअल जेनरल मीटिंग का आयोजन 18 अक्टूबर को किया जाएगा और इसी दिन पांच पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। आइसीसी में भारत का प्रतिनिधि कौन होगा ये भी उसी



दिन तय किया जाएगा। बीसीसीआइ के 91वें बैठक का आयोजन इस बार मुंबई में किया जाएगा। - भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पुरूष और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड महिला (गवर्निंग काउंसिल) के दो प्रितिनिधियों को चुना जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के आइपीएल गवर्निंग काउंसिल के प्रतिनिधि की भी नियुक्ति की जाएगा। -साल 2021 और 2022 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा जारी कि गई रिपोर्ट को भी शामिल किया जाएगा। -साल 2022 और 2023 के वार्षिक बजट को लेकर भी इस बैठक में चर्चा की जाएगी।लोकपाल और आचार-व्यवहार अधिकारी को भी नियुक्त किया जाएगा। - क्रिकेट कमेटी और स्टेडिंग कमेटी, जोकि नियम-26 और नियम-25 में शामिल हैं, उन्हें भी नियुक्त किया जाएगा। नियम-27 के मुताबिक, अंपायर्स कमेटी को भी नियुक्त किया जाएगा।आइसीसी से जुड़े कुछ मुद्दों पर होगी चर्चा इस बैठक में आइसीसी से जुड़े नियमों को भी अपडेट की जाएगी। आइसीसी टैक्स से जुड़े मुद्दों को भी अपडेट किया जाएगा।नेशनल क्रिकेट एकेडमी से जुड़े मामलों पर भी चर्चा होगी। आगामी भारतीय क्रिकेट टीम के दौरों के कार्यक्रमों को भी अपडेट किया जाएगा।

# सम्पादकीय

## परमाणु युद्ध की दहलीज पर पहुंचा युक्रेन युद्ध

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संबोधन के बाद पश्चिमी देश और अमेरिका के कान खड़े हो गए हैं। युक्रेन जंग के बीच रूस के राष्ट्रपति ने सेना की प्रतिरोधी शक्तियों को स्पेशल अलर्ट पर रखने का आदेश दिया है, जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं। पुतिन ने अपने रक्षा प्रमुखों से कहा कि पश्चिम के आक्रामक बयानों की वजह से ऐसा करना जरूरी हो गया है। युक्रेन जंग के दौरान पुतिन ने दूसरी बार परमाणु हमले के लिए युक्रेन और पश्चिमी देशों को आगाह किया है। पुतिन की आवाज की गूंज से अमेरिका सकते में आ गया है। माना जा रहा है कि बाइडन प्रशासन ने पुतिन को एक निजी संदेश के जरिए आगाह किया है। आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। 1- विदेश मामलों के जानकार प्रो हर्ष वी पंत का कहना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शायद ही युक्रेन जंग के इन परिणामों का अंदाजा रहा हो। इस युद्ध में रूसी सेना के इतने जवान शहीद होंगे और रूस को इतने बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान होगा इसका भी अंदाजा शायद ही रूसी राष्ट्रपति को रहा हो। इस जंग में अमेरिका और पश्चिमी देशों की युक्रेन को दी जा रही सैन्य मदद ने रूस के समक्ष एक नई चुनौती पेश की है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि युक्रेन युद्ध में रूसी सेना को पीछे हटना पड़ रहा है। इसका असर रूसी सैनिकों के मनोबल पर पड़ रहा है।2- प्रो पंत ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन यह जानते हैं कि जंग को कूटनीति और परमाणु बम के जरिए ही रोका जा सकता है। कूटनीतिक रास्ते के विकल्प सीमित है। कूटनीतिक पहल मानीवय आधार पर ही हो सकती है, इसके लिए प्रयास भी किया गया लेकिन सब निष्फल रहा। भारत भी इस जंग का कूटनीतिक समाधान चाहता है। उधर, रूस जैसे महाशक्ति इस जंग में अपनी विजय की अपेक्षा रख रहा होगा। हालांकि, इस युद्ध में रूस ने अपनी पूर्वी और दक्षिणी सीमा को सुरक्षित कर लिया है। युक्रेन के दो ऐसे राज?यों पर रूस का प्रभुत्व कायम है, जिससे उसकी पूर्वी और दक्षिणी सीमा सुरक्षित है, लेकिन रूस जैसे महाशिक?त के लि?ए युक्रेन जीतना नाक का विषय बना हुआ है। 3- प्रो पंत ने कहा कि पुतिन का एक फैसला दुनिया को संकट में डाल सकता है। युक्रेन जंग जिस मोड़ पर खड़ा है उससे पुतिन जरूर विचलित और हताश होंगे। इस युद्ध को लेकर पश्चिम के प्रति उनका जबरदस्त गुस्सा भी है। ऐसे में यह संभव है कि पुतिन परमाणु हमले का फैसला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुतिन इस बात को समझ रहे हैं कि पश्चिमी देशों व अमेरिका के सैन्य सहयोग के कारण यह जंग रूस के लिए आसान नहीं है। प्रो पंत ने कहा कि अगर रूस परमाणु बमों का इस्तेमाल करता है तो इसका प्रभाव पश्चिमी देशों तक जाएगा। ऐसे में इसकी आंच अमेरिका तक जानी तय है। ऐसे में इसके नतीजे खतरनाक होंगे। यह विश्वयुद्ध का स्वरूप अख्तियार कर सकता है। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक बाइडन प्रशासन ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को आगाह किया है कि वह युक्रेन जंग में परमाणु बमों का इस्तेमाल नहीं करे। यह कहा जा रहा है कि बाइडन प्रशासन की ओर से एक गुप्त संदेश पुतिन को भेजवाया गया है। हालांकि, अमेरिकी विदेश विभाग मास्को के साथ इस संचार संदेश में शामिल है, अभी इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि हाल में रूसी राष?ट्रपति पुतिन का राष?ट्र के नाम के संबोधन में देश की जनता को परमाणु हमले के लिए तैयार रहने को कहा गया है। यह माना जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति के भाषण के बाद बाइडन प्रशासन की ओर से एक निजी संदेश मोस्को भेजा गया है। जहां तक सवाल परमाणु हमलों का है तो दुनिया में अब तक दो बार परमाणु बमों से हमला किया गया है। इसके भयंकर परिणाम दुनिया ने देखा है। इसके प्रयोग से जनधन को बड़ा नुकसान हुआ था। 77 वर्ष पूर्व दोनों हमले अमेरिका ने किए थे। अमेरिका ने जापान के दो शहरों पर परमाणु बम गिराए थे। अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए थे। माना जाता है कि हिरोशिमा में 80,000 और नागासाकी में 70,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। परमाणु बमों के इस्तेमाल से बड़ी मात्रा में रेडिएशन या विकिरण निलकता है। इसलिए इनका असर धमाके बाद बहुत लंबे समय तक रहता है।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, यूपी में स्कूल बंद

देश के कई राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है। दिल्ली-एनसीआर में पिछले 2 दिन से हो रही बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने आज यानी शुक्रवार को देश के 17 राज्यों में अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी के उपर बने लो प्रेशर एरिया व पश्चिमी विक्षोभ के कारण एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। इसका प्रभाव देश के कई राज्यों में पड़ा है। के मुताबिक 23 सितंबर को उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, गुजरात के कुछ हिस्से, मध्य प्रदेश, बिहार, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्रप्रदेश व तमिलनाडु में तेज हवा के साथ कहीं हल्की से मध्यम बारिश तो कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इन राज्यों में मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। यूपी, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से और दिल्ली-एनसीआर में आज भारी बारिश हो सकती है। दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में लगातार दो दिनों से हो रही भारी बारिश ने तबाही मचाई हुई है। वहीं मौसम विभाग ने आज भी बारिश की चेतावनी जारी की है। भारी बारिश को देखते हुए नोएडा समेत यूपी के कई शहरों में स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा गुरुग्राम में निजी



संस्थानों को एडवाइजरी जारी कर आज सभी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम का निर्देश देने को कह दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में कई जिलों में अगले 2 दिन भारी बारिश की संभावना है। 25 सितंबर तक यूपी के लिए आईएमडी ने अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश के देखते हुए प्रशासन ने कई जिलों में स्कूल बंद करने का आदेश दिया है। मौसम यूपी में इस बारिश से शहर और ग्रामीण इलाकों के कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी ज्यादातर जगहों पर गरज के साथ बारिश हुई। उत्तर प्रदेश में पहले पश्चिमी और उसके बाद मध्य और पूर्वी भागों में भारी बारिश होगी। मेरठ, बिजनौर, अलीगढ़, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बदायूं, पीलीभीत, हमीरपुर, उरई, आगरा, मथुरा, हाथरस, शाहजहांपुर, एटा और हरदोई में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश व कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। कानपुर, लखनऊ और इलाहाबाद में इसके बाद भारी बारिश का खतरा होगा। राज्य के अधिकांश पूर्वी हिस्से गोरखपुर, वाराणसी, बलिया, देवरिया, आजमगढ़ और कुशीनगर में भी बारिश होगी।विस्तृत जानकारी के लिए यहां क्लिक करें। दिल्ली और उसके आसपास के सटे हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम में पिछले दो दिन से शुरू हुई बारिश शुक्रवार सुबह तक होती रही। इससे कई इलाकों में पानी भर गया, जिससे ट्रैफिक पर असर पड़ा है। दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे जलमग्न होने की वजह से कई गाडि़यां फंस गईं। गुरुग्राम के प्रशासन ने निजी संस्थानों से वर्क फ्रॉम होम की एडवाइजरी जारी की है। इसके अलावा, नोएडा के स्कूलों को बंद करने का आदेश दे दिया गया है। आईएमडी ने कहा कि अगले दो से तीन दिनों में दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। विस्तृत जानकारी के लिए यहां क्लिक करें। मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश में अगले 28 सितंबर तक मौसम खराब बना रहेगा। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश भी हो सकती है। खासकर 24 और 25 सितंबर को कुल्लू के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। 24 सितंबर को दोपहर बाद कुल्लू के आनी क्षेत्र और 25 सितंबर को आनी, मनाली व पच्छाद क्षेत्र में भारी से अति भारी बारिश का रेड अलर्ट दिया गया है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को लाहुल स्पीति, चंबा, ऊना, बिलासपुर व हमीरपुर को छोड़ बाकी जिलों में आंधी, आसमानी बिजली गिरने व वर्षा को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का क्रम जारी रहने की संभावना। मौसम विभाग के अनुसार इससे अधिकतम तापमान में कमी आ सकती है। उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। शुक्रवार तड़के से ही बारिश का दौर जारी है। मैदान से पहाड़ तक आफत की बारिश से जन-जीवन प्रभावित है। शहरी क्षेत्रों में जलभराव और नदी-नालों के उफान से लोग परेशान हैं तो पहाड़ों में भूस्खलन जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को अधिकांश जिलों में तेज हवा के साथ भारी बारिश के आसार है। छ्व ने पूरे उत्तराखंड में येलो अलर्ट जारी किया है। विस्तृत खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें।

## पाकिस्तानी आतंकियों को बचाने के मुद्दे पर UNSC में चीन पर जमकर बरसे जयशंकर चीनी विदेश मंत्री के सामने कसे तंज

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को संयुक?त राष?ट्र सुरक्षा परिषद (ळ्न्एण, ळहगूॅ्रदहे एम्ल्रुूब् ण्दल्हम्त) में आतंकवादियों को बचाने के मुद्दे पर चीन और पाकिस?तान पर जमकर निशाना साधा। एस. जयशंकर ने चीन द्वारा जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी साजिद मीर को काली सूची में है, तो सुरक्षा परिषद को उन संकेतों पर विचार करना होगा जो इन कदमों के जरिए दिए जा रहे हैं। विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए निरंतरता जरूरी है।विदेश मंत्री एस जयशंकर 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफि?ंग को जब संबोधित कर रहे थे, तब वहां पर चीनी चीनी विदेश मंत्री वांग प्रयास के लिए 'दंड मुक्ति' के खिलाफ लड़ाई बेहद महत्वपूर्ण है। सुरक्षा परिषद की ओर से इस संबंध में एक साफ संदेश दिया जाना चाहिए।जयशंकर ने यूक्रेन युद्ध को तत्काल समाप्त करने और वार्ता एवं कूटनीति के रास्ते पर लौटने की जरूरत दोहराई। उन?होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि




डाले जाने की राह में रोड़ा अंटकाने पर परोक्ष रूप से तंज कसते हुए कहा कि यह बहुत ही खेदजनक है कि जब कभी दुनिया के सबसे खतरनाक आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने की बात आती है तो कुछ देश उन्हें बचाने का काम करते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि अफसोस की बात है कि जब दुनिया के कुछ सबसे खूंखार आतंकवादियों पर शिकंजा कसने की बात आती है तो कुछ देश इसमें रोड़ा अंटकाने लगते हैं। यह घटना हाल के दिनों में हमने इसे इसी कक्ष में होते देखी है। यदि दिनदहाड़े किए गए गंभीर हमलों को इसी तरह छोड़ दिया जाता यी भी मौजूद थे। जयशंकर के संबोधन के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, चीनी विदेश मंत्री वांग यी, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव समेत अन्य मुल्कों के विदेश मंत्री भी मौजूद थे।समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक एस. जयशंकर ने कहा कि हमें सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी चाहिए। राजनीति को कभी भी जवाबदेही से बचने के लिए कवर प्रदान नहीं करना चाहिए। न ही आतंकियों को दंड से मुक्ति की सुविधा दी जानी चाहिए। दुनिया में शांति और न्याय हासिल करने के व्यापक यूक्रेन में जारी टकराव को समाप्त करना और वार्ता एवं कूटनीति के मार्ग पर वापस लौटना समय की जरूरत है। पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्री ने पीएम मोदी की सलाह का उल्लेख करते हुए कहा कि परमाणु मुद्दा विशेष चिंता की बात है। सनद रहे पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टकराव खत्म करने की अपील करते हुए कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है।उल्लेखनीय है कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिए अमेरिका और भारत की तरफ से इसी महीने सुरक्षा परिषद में लाए गए प्रस्ताव को चीन ने रोक दिया था।

## छापेमारी के विरोध में पीएफआई समर्थकों का बवाल

देशभर में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (इ्फ्ठ) से जुड़े लोगों पर र्छंऔर ँ्‌ने गुरुवार को छापेमारी की। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने टेरर फंडिंग मामले में पीएफआई के लोगों को बड़ी संख्या में गिरफ्तार भी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी की कार्रवाई के खिलाफ पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (इ्फ्ठ) ने शुक्रवार को 'केरल बंद' का आह्वान किया है। द्वारा पथराव किया गया। कोझीकोड और कन्नूर में पीएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए पथराव में एक 15 वर्षीय लड़की और एक ऑटो-रिक्शा चालक को मामूली चोटें आई हैं। इस बीच केरल पुलिस ने राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी है और पीएफआई द्वारा राज्यव्यापी बंद के आह्वान के बाद जिला पुलिस प्रमुखों को कानून-व्यवस्था को गुप्त दस्तावेज करार दिया गया है।गुरुवार को एनआईए और ईडी की संयुक्त टीम ने केरल के 10 जिलों में पीएफआई नेताओं के कार्यालयों और घरों पर छापेमारी की और कई नेताओं को गिरफ्तार किया और दस्तावेज जब्त किए। कई जगहों पर गुस्साए कार्यकर्ताओं ने छापेमारी को बाधित करने की कोशिश की, लेकिन सीआरपीएफ



पीएफआई द्वारा बंद के आह्वान में केरल के विभिन्न हिस्सों में हिंसा की घटनाएं सामने आईं हैं। तिरुवनंतपुरम में बंद का समर्थन कर रहे इ्फ्ठ के लोगों ने एक ऑटो-रिक्शा और एक कार को कथित रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। केरल के तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, कोझीकोड, वायनाड और अलाप्पुझा सहित विभिन्न जिलों में केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों (खीरंऊण) पर पथराव किया गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि सुबह कन्नूर के नारायणपारा में वितरण के लिए अखबार ले जा रहे एक वाहन पर पेट्रोल बम फेंका गया। अलाप्पुझा में केएसआरटीसी की बस, एक टैंकर लॉरी और कुछ अन्य वाहनों में पीएफआई समर्थकों सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक बयान में पीएफआई ने कहा कि हमार शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी नियंत्रित दमनकारी शासन द्वारा फैलाए गए आतंक का हिस्सा है। इसके साथ ही पीएफआई के राज्य सचिव ए अबूबक ने कहा कि हमारी हड़ताल नियंत्रित शासन के फासीवादी उपायों का विरोध करने के लिए है। हम सभी लोकतांत्रिक ताकतों से समर्थन की उम्मीद करते हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर पीएफआई नेताओं ने कहा कि उनके कार्यालयों से जब्त किए गए कुछ जनसंपर्क दस्तावेजों जवानों ने उनकी कोशिश नाकाम कर दी थी। घटनाक्रम से वाकिफ लोगों के मुताबिक देशभर में छापेमारी के दौरान सबसे ज्यादा 22 गिरफ्तारियां केरल में हुई हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में पीएफआई विचारक पी कोया, राष्ट्रीय अध्यक्ष ओएमए सलाम, राष्ट्रीय सचिव नसरुद्दीन एलमारोम और प्रदेश अध्यक्ष सीपी मोहम्मद बशीर शामिल हैं। इन गिरफ्तार किए गए लोगों को ट्रांजिट वारंट हासिल करने के बाद दिल्ली ले जाया जाएगा। गिरफ्तार किए गए लोगों पर आतंकी को फंडिंग, युवाओं को अशांत क्षेत्रों में भेजना, देश के विभिन्न हिस्सों में अशांति फैलाने और हिंसा भड़काने जैसे आरोप शामिल हैं।

## पाकिस्तान में हिंदू महिला पर हमले को लेकर विरोध प्रदर्शन

चोरी के झूठे आरोप को लेकर एक हिंदू महिला पर हमला किए जाने का पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों ने विरोध किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार अल्पसंख्यक हिदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बहावलपुर में जिला पुलिस कार्यालय और उपायुक्त कार्यालय के बाहर सोमवार को बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।



## महामारी की शुरुआत के बाद से, जापान ने प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच कुछ सख्त सीमा नियंत्रणं

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने गुरुवार को कहा कि उनका देश अगले महीने सीमा नियंत्रण आवश्यकताओं को कम करेगा। ये जापान के पर्यटन क्षेत्र में सुधार को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है।महामारी की शुरुआत के बाद से, जापान ने प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच कुछ सख्त सीमा नियंत्रणों को बनाए रखा है और प्रभावी रूप से आगंतुकों पर दो साल के लिए रोक लगा दी है।न्यूयार्क स्टाक एक्सचेंज में अपने भाषण में किशिदा ने घोषणा की। उन्होंने कहा कि जापान सात के समूह में अन्य देशों के साथ अपने सीमा नियंत्रण में सुधार करेगा।किशिदा ने गुरुवार को कहा, हम एक ऐसा राष्ट्र हैं जो लोगों, माल और पूंजी के मुक्त प्रवाह से फला-फूला है।उन्होंने कहा, ने बेशक इन सभी लाभों को बाधित कर दिया है, लेकिन 11 अक्टूबर से जापान अमेरिका के बराबर होने के लिए सीमा नियंत्रण उपायों में ढील देगा, साथ ही वीजा-मुक्त यात्रा और व्यक्तिगत यात्रा फिर से शुरू करेगा।जापान का आग्रह है कि आगंतुक देश में प्रवेश करने के लिए वीजा प्राप्त करें और फिर योजना का पालन करें, जिसमें पैकेज टूर एक प्रमुख स्टिकिंग पाइंट रहा है।बता दें कि महामारी से पहले, जापान ने संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और कई एशियाई पड़ोसियों सहित लगभग 70 देशों और क्षेत्रों के साथ वीजा माफी समझौते किए थे।एएनए होल्डिंग्स की मुख्य इकाई, ऑल निप्पॉन एयरवेज के अध्यक्ष शिनिची इनौ ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, बिजनेस लाबी और ट्रैवल कंपनियों ने जापान से अपने सीमा नियंत्रण में और तेजी से ढील देने का आग्रह किया है। यह कहते हुए कि वे प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ कदम से कदम मिला कर चल रहे हैं और देश को आर्थिक रूप से पीछे छोड़ सकते हैं। हम अर्थव्यवस्था पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव देखेंगे। डालर के मुकाबले येन की तेज गिरावट विदेशियों के लिए एक ठबहुत बड़ा आकर्षणठ है।गुरुवार को, येन ने डालर के मनोवैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण स्तर 145 येन को पार कर लिया, जिससे जापान में विदेश यात्रा और खरीदारी दशकों में सबसे सस्ती हो गई।11 अक्टूबर से, जापान कुछ देशों के लोगों के लिए व्यक्तिगत पर्यटन और वीजा-छूट यात्रा को तब तक बहाल करेगा, जब तक कि उनका टीकाकरण नहीं हो जा है।मीडिया ने बताया कि, यह लोगों के आगमन पर लगाए गए दैनिक प्रतिबंधों को भी खत्म कर देगा। इसके साथ ही होटलों पर नियमों को संशोधित किया जा सकता है, जिससे वे उन मेहमानों पर रोक लगा सकते हैं जो कोरोना महामारी के दौरान नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।जापान ने आधिकारिक तौर पर दो साल में पहली बार जून में पर्यटकों को आने की मंजूरी दी थी, लेकिन महामारी से एक दिन पहले 80,000 से अधिक आगंतुकों की तुलना में जुलाई के माध्यम से केवल 8,000 लोग ही पहुंचे।



## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में कुख्यात गैंगस्टर सूबे गुर्जर के मकान पर चला निगम का बुलडोजर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**गुरुग्राम।** मानेसर के गांव बार गुर्जर में कुख्यात गैंगस्टर सूबे गुर्जर के मकान पर मानेसर निगम की टीम ने दूसरे दिन भी तोड़फोड़ की। सुबह ही निगम की टीम बार गुर्जर गांव में बुलडोजर लेकर पहुंच गई। नगर निगम के एक्सईएन नवीन धनखड़ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया एक्सईन ने बताया कि मकान गांव की ही कृषि भूमि पर अवैध रूप से बना हुआ है। करीब साढ़े तीन हजार वर्ग गज में बने मकान की चारदीवारी को बृहस्पतिवार को तोड़ा गया था। मकान खाली करवाकर दूसरे दिन फिर से तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की गई। निगम अधिकारियों के मुताबिक मकान के निर्माण के लिए विभाग से किसी प्रकार की कोई स्वीकृति,



लाइसेंस या भू-उपयोग परिवर्तन नहीं लिया हुआ था। बता दें कि सूबे गुर्जर गांव का एक गैंगस्टर और कुख्यात अपराधी है जिस पर गुरुग्राम, मेवात, रेवाड़ी, पलवल और दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और हथियार अधिनियम के अलग-अलग 42 आपराधिक मामले दर्ज है। वर्तमान में वह अपने आपराधिक मामलों के लिए भोंडसी जेल में बंद है।गूगल प्ले पर अन्य खेलों को छोड़कर केवल डेली फैंटेसी स्पोर्ट्स (डीएफएस) और रमी एप्लिकेशन को अनुमति देने की सर्च इंजन की नीति के खिलाफ आनलाइन गेमिंग एप विन्जो गेम्स द्वारा दायर किए गए मुकदमे पर दिल्ली हाई कोर्ट ने गूगल का रुख पूछा है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की पीठ ने अंतरिम राहत की मांग करने वाली याचिका पर कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईआरपी) के मुद्दे पर आगे विचार करने की आवश्यकता है वादी विन्जो गेम्स की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अमित सिब्बल ने कहा कि 28 सितंबर को एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू होने वाली गूगल नीति अनुचित है।

# 1108 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हुई स्वस्थ बालक-बालिका प्रति स्पर्धा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** नोएडा जनपद के सभी 1108 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बृहस्पतिवार को स्वस्थ बालक- बालिका प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की सेहत परखी गयी। प्रतिस्पर्धा के एक दिन पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वस्थ बच्चों के अभिभावकों के घर जाकर आकर्षक उन्होंने कहा- इस प्रतिस्पर्धा का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ प्रदेश की परिकल्पना को साकार करना है। स्वस्थ बच्चे को पुरस्कृत एवं सम्मानित होते देख कुपोषित बच्चों के अभिभावक भी प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा विभाग की कोशिश है कि जनपद में कुपोषण को जड़ से खत्म कर दिया जाए, इसके लिए सभी गर्भवती और धात्री माताओं को जागरूक करती रहती हैं। बृहस्पतिवार को हुई प्रतिस्पर्धा में विजयी बच्चों को दो अक्टूबर को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वस्थ बालक/बालिका चयन हेतु विभिनन्न मानकों पर अंक निर्धारित किए गए थे। मासिक वृद्धि निगरानी के लिए पांच अंक । व्यक्तिगत स्वच्छता के



निमंत्रण पत्र दिए। यह निमंत्रण पत्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वयं तैयार किये थे। समस्त आंगन बाड़ी केंद्रों पर त्योहार के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जनपद में बृहस्पतिवार को दिनभर जमकर बारिश हुई, अत्याधिक बारिश भी महिलाओं के उत्साह को रोक नहीं पाई। महिलाओं ने अपने स्वस्थ बच्चों के साथ बढ़-चढ़कर आयोजन में हिस्सा लिया। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, एचसीएल फाउंडेशन, कोहेशन फाउंडेशन आदि संस्थाओं ने प्रतिस्पर्धा में अपना योगदान प्रदान किया। ग्राम गेझा में आयोजित कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने प्रतिभाग किया। स्वस्थ बच्चों के अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर का सहयोग की जरूरत है। गर्भवती को चाहिए कि वह गर्भकाल के शुरुआती दिनों से ही अपने पोषण पर ध्यान दे, एक पोषित मां ही पोषित बच्चे को जन्म देती है। उन्होंने धात्री माताओं से अपील की कि वह अपने शिशुओं के पोषण पर ध्यान दें। पूनम तिवारी ने बताया- शिशु को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराया बहुत जरूरी है। मां का पहला गाढ़ा दूध बच्चे के लिए टीके के समान होता है। मां के दूध में वह सभी आवश्यक तत्व होते हैं जो बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए जरूरी होते हैं। उन्होंने कहा शिशु को छह माह तक मां के दूध के सिवाय कुछ नहीं देना है, यहां तक कि पानी भी नहीं। छह के उपरांत शिशु को मां के दूध के साथ–साथ ऊपरी आहार जरूर देना चाहिए। उन्होंने बताया इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लगातार तहत साफ हाथ, नाखून कटे होने, पोषण श्रेणी (ऊंचाई लंबाई के सापेक्ष वजन) जो लगातार सामान्य श्रेणी में हो या गंभीर तीव्र अतिकुपोषित (सैम) से मध्यम गंभीर कुपोषित (मैम) या फिर मैम से सामान्य श्रेणी में आए हों, उसके लिए 10 अंक इसी प्रकार आहार की स्थिति - शून्य से छह माह तक केवल स्तनपान, छह माह से तीन वर्ष तक प्राप्त होने वाले अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन, तीन से पांच वर्ष के बच्चे (प्राप्त होने वाले अनुपूरक पुष्टाहार) का नियमित सेवन तथा आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थिति के लिए और आयु आधारित टीकाकरण के लिए 10-10 अंक । जबकि डी वार्मिंग के लिए पांच अंक निर्धारित किए गए थे।इन्ही मानकों पर आज प्रत्येक केंद्र पर स्वस्थ बालक/बालिका का चयन किया गया।

# शारदा मंदिर के दर्शनार्थियों के लिए मैहर मेला स्पेशल सतना-कटनी-सतना ट्रेन चलाने का निर्णय लिया

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मैहर।** नवरात्रि में आने जाने वाले यात्रियों एवं दर्शनाथिन्यों के लिए खुशखबरी गाड़ी संख्या 01129/01130 कटनी-सतना-कटनी मैहर मेला स्पेशल ट्रेन को 26 सितम्बर 2022 से 14 फेरे चलाने का निणन्य लिया गया है, मैहर मेला स्पेशल ट्रेन पूरी तरह से अनारक्षित रहेगी। इस मैहर मेला स्पेशल गाड़ी में 05 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित 07 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 01129 मैहर मेला स्पेशल 26 सितंबर 2022 से 09 अक्टूबर 2022 तक प्रतिदिन कटनी स्टेशन से 05:45 बजे प्रस्थान कर पटवारा 05:54 बजे, झुकेही 06:08 बजे, पकरिया रोड 06:23 बजे, अमदरा 06:36 बजे, घुनवारा 06:43 बजे, भदनपुर 07:08 बजे, मैहर 07:35 बजे, उंचेहरा 07:53 बजे, लगरगवां 08:48 बजे और 09:15 बजे सतना स्टेशन पर पहुंचेगी. इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01130 मैहर मेला स्पेशल ट्रेन 26 सितंबर 2022 से 09 अक्टूबर 2022 तक प्रतिदिन सतना स्टेशन से 10:40 बजे प्रस्थान कर लगरगवां 10:50 बजे, उंचेहरा 11:03 बजे, मैहर 11:25 बजे, भदनपुर 11:58 बजे, घुनवारा 12:28 बजे, अमदरा 12:48 बजे, पकरिया रोड 13:00 बजे, झुकेही 13:13 बजे, पटवारा 13:23 बजे




और 13:45 बजे कटनी स्टेशन पहुंचेगी।। 16:14, 9/23/2022 91 94531 59333: 2022एनटीपीसी सिंगरौली में हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन एनटीपीसी सिंगरौली में हिंदी पखवाड़ा-2022 के तहतविभिनन्प्रतियोगिताओं का आयोजन अश्विनी कुमार ठाकुर एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से दिनांक 14-29 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़ा-2022 का वृहद आयोजन किया जा रहा है एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। हिंदी के प्रसार हेतु श्री बसुराज गोस्वामी,परियोजना प्रमुख द्वारा यह संदेश दिया गया कि भारत सरकार प्रेरणा एवं प्रोत्साहन नीति के तहत हिंदी के हित में व्यापक कदम उठा रही है एवं हम सब का सांविधानिक दायित्व है कि हम हिंदी के नियमों का पालन सुनिश्चित कर एनटीपीसी एवं इस देश को गौरवान्वित करें इस वर्ष जन-जन तक हिंदी के संदेश को पहुचाने के उद्देश्य से विद्युत गृह के कर्मचारियों गृहणियों हेतु हिंदी निबंध लेखन, भाषण, हिंदी सुझाव, हिंदी प्रशनेत्तरी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा रही हैं । इस क्रम में हिंदी पखवाड़े के दौरान आवसीय परिसर में संचालित विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे हिंदी निबंध, हिंदी भाषण आयोजन किए जा रहें है । सभी हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिताओं में सभी प्रतिभागियों की भारी भागीदारी देखी जा रही है। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में हिंदी राजभाषा को प्रोत्साहन देने हेतु बैनर, ई-मैगज़ीन, प्रेस पत्र आदि भी हिंदी भाषा में जारी किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त भी हिंदी को बढ़ावा देने हेतु विभिनन् प्रकार के हिंदी कार्यशाला, संगोष्ठी, कवि सम्मेलन,समारोह आदि का निरंतर आयोजन किया जाता है । एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर परियोजना भविष्य में भी हिंदी को बढ़ावा हेतु प्रतिबद्ध है एवं हिंदी के हित में सार्थक कदम उठाती रहेगी ।

# दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में असमय तेज बारिश के 2 प्रमुख कारण

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** विदाई की बेला में मानसून की सक्रियता के चलते दिल्ली-एनसीआर में इतनी तेज बारिश हुई है कि लोगों की हालत खराब है। कई सालों बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब सितंबर महीने में इतनी अधिक बारिश हुई है, जबकि यह मानसून की विदाई का समय होता ह यह अलग बात है कि पिछले साल सितंबर महीने में बारिश के कई रिकॉर्ड टूटे हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि इस साल भी कुछ रिकॉर्ड टूटे हैं। अब भारतीय



मौसम विज्ञान विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के आने का इंतजार है। एक ओर जहां सितंबर के अंतिम सप्ताह में इतनी अधिक बारिश के चलते दिल्ली-एनसीआर के लोग हैरान और परेशान है तो मौसम विज्ञानियों ने इसकी वजह भी बताई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, 48-72 घंटे के बाद इतनी अधिक बारिश को दो वजह है। दरअसल, दो सिस्टम काम कर रहे हैं, जिसकी वजह से दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया।

# अमेरिकी संगठन ने विश्व भर में हिंदुओं पर बढ़ रहे हमलों को लेकर जताई चिंता

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के एक वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन ने अमेरिका समेत विश्व के विभिनन् हिस्सों में हिंदुओं पर बढ़ रहे हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई है। संगठन ने कहा है कि हिंदू समुदाय के विरुद्ध फिकेलस्टीन ने 'हिंदू अमेरिकी सजीव अनुभव पर प्रतिनिधित्व एवं ज्ञान तैयार करने' कार्यक्रम में अपने नवीनतम रिसर्च के प्रमुख बिंदुओं को रखते हुए कहा कि हाल के महीनों में अमेरिका और कनाडा में हिंदू मंदिरों में



घृणा का अब खतरनाक रूप तैयार हो गया है। नेटवर्क कोंटैगियन रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुख्य विज्ञानी अधिकारी एवं सह-संस्थापक जोएल फिकेलस्टीन ने कहा कि श्वेत बर्चस्ववादियों, इस्लाम के अनुयाइयों ने हिंदुओं के खिलाफ घृणा के जो बीज बोए हैं उसमें 1000 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि पाई गई है। हिंदू विरोधी गालियों में वृद्धि से शत्रुता का विषाक्त वातावरण तैयार हो गया है। तोड़फोड़ की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। अमेरिकी कैपिटोल में उत्तरी अमेरिका में हिंदुओं के गठबंधन ने यह कार्यक्रम आयोजित किया था। न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर एक कार्यक्रम में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने दावा किया कि भारत में मुस्लिमों के विरुद्ध हिंसा बढ़ गई है। इसके लिए हिंदुत्व विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# थन्नामंडी में सूमो के पलटन से दस यात्री घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**राजौरी।** थानामंडी तहसील के मंयाल क्षेत्र के पास मैगी मोड़ में गुरुवार दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में दस लोग घायल हो गए। इनमें से छह को राजौरी मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब टाटा सूमो संख्या नंबर जेके11-8884 थनन मंडी डीकेजी रोड से सुरनकोट जा रही थी।



# सेक्टर-62 रामलीला मैदान में मंच और पुतला निर्माण का कार्य जोरों पर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल और महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने जानकारी देते



हुए बताया है कि सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में 26 सितंबर से शुरू होने वाले श्रीरामलीला मंचन की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मंचन के लिए 125 फीट लम्बा,55 फीट चौड़ा और 7 फीट ऊंचा मंच बनाया जा रहा है।अतिथियों के लिए 50 फीट लंबा,20 फीट चौड़ा व 3 फीट ऊंचा मंच बनाया जा रहा है।दर्शकों के बैठने के लिए 3000 कुसिन्यां व 500 सोफे लगाये जा रहे हैं।पुतला निर्माण के लिए 60 फीट लंबा और 30 फीट चौड़ा पंडाल बनाया गया है।कलाकारों के रहर्सल के लिए 60 फीट लम्बा और 45 फीट चौड़ा पंडाल बनाया गया है।लीला स्थल में प्रवेश के लिए तीन मुख्य गेट और 6 द्वार बनाया गया है।आगन्तुकों के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहेगी।फेलिक्स अस्पताल के चिकित्सक आवश्यकता पड़ने पर आगन्तुकों का प्राथमिक उपचार करेंगे।समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, तरुण राज अग्रवाल,पवन गोयल,मनोज शर्मा और कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग ने बताया कि रामलीला मंचन के अवसर पर ग्यारह दिनों तक दर्शकों के लिए सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी।सुरक्षा हेतु 200 स्वयंसेवक, निजी सुरक्षा गार्ड और पुलिस की व्यवस्था रहेगी।आग से बचाव हेतु अगिन्शमन की उचित व्यवस्था की जायेगी। समिति के सहकोषाध्यक्ष अनिल गोयल, शोभायात्रा के संयोजक एस. एम. गुप्ता और शान्तनु मित्तल ने बताया कि 30 सितंबर को दोपहर बाद 2 बजे से सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर से श्रीराम बारात शोभायात्रा निकलेगी और सेक्टर-62 स्थित लीला स्थल पर समाप्त होगी।

# पशिचमी मुल्कों की लामबंदी के जवाब में रूस और चीन ने मिलाए हाथ

## विदेशी साजिशों की काट के लिए किया यह समझौता

**मास्को।** अमेरिका समेत पश्चिमी मुल्कों की लामबंदी के जवाब में रूस और चीन की जुगलबंदी दिनोंदिन मजबूत होती जा रही है। अब दोनों देशों ने अपने मुल्कों की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिशों की काट के लिए सूचना के आदान प्रदान को और मजबूती देने पर सहमत हुए हैं। समाचार के एक शीर्ष अधिकारी गुओ शेंगकुन के साथ एक बैठक की। इसके साथ ही उन्होंने ने चीन के साथ व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लक्ष्य को रूस की विदेश नीति की प्राथमिकता करार दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में देशों को आपसी समर्थन और सहयोग के विकास संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने के बाहरी प्रयासों की काट के लिए सूचना के आदान-प्रदान को और मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। समाचार एजेंसी एपी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दोनों मुल्?कों के अधिकारियों ने इस बैठक में साइबर सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।



एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव ने सोमवार को चीन का दौरा किया। इस दौरे पर उन्होंने कहा कि रूस, चीन के साथ संबंधों को मजबूत करने को अपनी नीति का हिस्सा मानता है। पुतिन के सबसे करीबी सहयोगियों में शुमार निकोलाई पेत्रुशेव ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के लिए अधिक तत्परता दिखानी चाहिए।निकोलाई पेत्रुशेव और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के शीर्ष अधिकारी गुओ शेंगकुन के साथ यह बैठक नानपिंग शहर में हुई। इस बैठक के बाद पेत्रुशेव के कार्यालय की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया गया। इस बयान में कहा गया कि दोनों देश एकजुटता के साथ अतिवाद का मुकाबला करने को प्रतिबद्ध हैं। साथ ही अपनी गौरतलब है कि दोनों मुल्कों के बीच ये समझौते ऐसे वक?त में हुए हैं जब अमेरिका लगातार ताइवान की मदद कर रहा है जिससे चीन चिढ़ा हुआ है। चीन का कहना है कि वह किसी भी सूरत में ताइवान का विलय करेगा। चीन ने अमेरिका को सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि विलय की राह में बाधा पैदा करने की कोशिशों को वह बर्दाश्त नहीं करेगा।

### अमन के चमन से आतंक के अधिकतर कांटे निकाल फेंके

(आधुनिक समाचार सेवा)

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने शुक्रवार को आतंकियों को कांटों की संज्ञा देते हुए कहा कि हमारे अमन के चमन में जो कांटे बोए थे, उनमें से अधिकांश कांटों को हमने नष्ट कर दिया है। जो बचे हैं, उन्हें भी आम अवाम की मदद से खत्म करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। डीजीपी शुक्रवार को डल




झील किनाने पैडल फार पीस साइकिल रैली को झंडी दिखाने के बाद ये बातें पत्रकारों से बातचीत में ही। उन्होंने कहा कि अगर आज यहा हालात बेहतर हुए हैं तो उसका पूरा श्रेय आम कश्मीरी अवाम को जाता है। कोई भी मिशन तब तक कामयाब नहीं होता, जब तक लोग साथ न दें।

# चीन के पूर्व न्याय मंत्री को मौत की सजा, जानिए- क्या लगे थे आरोप

**बीजिंग।** चीन के न्याय मंत्री पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप साबित हो गए, जिसके बाद उन्हें 2 साल ही कैद के साथ मौत की सजा सुनाई गई है। न्याय मंत्री को मौत की सजा से यह संदेश दिया गया है कि चीन में भ्रष्टारियों की कोई जगह नहीं है। चीनी मीडिया के मुताबिक, 67 साल के फू झेंगहुआ ने न्याय मंत्री रहते हुए काफी भ्रष्टाचार किया। फू चीनी सरकार में बीजिंग नगरपालिका ब्यूरो प्रमुख, सार्वजनिक सुरक्षा के उपमंत्री भी रह चुके हैं। फू झेंगहुआ पर न्याय मंत्री रहते हुए अपने अधिकारों का गलत इस?तेमाल, कई उद्योगपतियों व्यापार और कानूनी मामलों में लाभ पहुंचाने के आरोप लगे, जिनमें वह दोषी करार दिए गए। इसके बाद फू को चीन की अदालत ने मौत की सजा सुनाई। चीन के शीर्ष राजनीतिक सलाहकार निकाय, चाइना पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी, फू ने रिश्वत स्वीकार की और अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया, राज्य द्वारा संचालित पीपुल्स डेली ऑनलाइन ने जिलिन प्रांत के चांगचुन में इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट का हवाला देते हुए कहा।पूर्व न्याय मंत्री फू झेंगहुआ को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान फू ने खुद पर लगे आरोपों को स्वीकार किया। चीनी मीडिया के अनुसार, फू पर 117 मिलियन युआन (17.3 मिलियन डॉलर) उपहार या रकम के तौर पर रिश्तेदारों के जरिए लिए थे। व्यक्तिगत लाभ पाने के लिए फू ने अरबों रुपये का घोटाला किया। चीन में भ्रष्टाचार को लेकर बेहद सख्त नियम हैं। इसलिए बेहद कम मामले भ्रष?टाचार के सामने आते हैं। फू झेंगहुआ से पहले चीन के पूर्व रेल मंत्री को भी साल 2013 में मौत की सजा सुनाई गई थी। वो भी भ्रष्टाचार में दोषी पाए गए थे।




# सिनेमाघर में दम तोड़ रही है 'ब्रह्मास्त्र' सनी देओल की 'चुप' देगी कड़ी टक्कर

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की ब्रह्मास्त्र को रिलीज हुए पूरे दो हफ्ते हो चुके हैं। जैसी की उम्मीद थी की 14 दिनों में तो फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी। वैसा कुछ हुआ नहीं। बल्कि ब्रह्मास्त्र की कमाई और भी तेजी से घट रही है। अयान मुखर्जी की फिल्म को टक्कर देने के लिए सनी देओल भी मैदान में उतर आए हैं। रणबीर-आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र को सिनेमाघरों में शानदार ओपनिंग मिली थी। फिल्म ने पहले वीकेंड पर ही 150 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। पर वीक डे में फिल्म थोड़ी कमजोर पड़ी और इसने अपने दूसरे वीकेंड में 200 करोड़ का आंकड़ा छुआ। गुरुवार को रिलीज के 14वें दिन फिल्म ने 3.10 करोड़ का बिजनेस किया। इसके साथ ही इसकी कुल कमाई पहुंचती है 230 करोड़ के करीब। ब्रह्मास्त्र से उम्मीदें तो काफी थी कि पर ये खरी नहीं उतरी। आज सिनेमाघरों में सनी देओल की थ्रिलर फिल्म 'चुपः रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट' रिलीज हो चुकी है। ट्रेलर रिलीज के साथ ही सनी देओल की फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज क्रिएट हुआ। जिसका असर एडवांस बुकिंग पर भी देखने को मिला। चुप ने 1.25 लाख टिकट बुक किए। फिल्म की एडवांस बुकिंग को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाली हैं। उम्मीद की जा रही है कि इसकी पहले दिन की कमाई 4 करोड़ से ऊपर ही रहेगी। ब्रह्मास्त्र अपने दूसरे हफ्ते में चल रही है। दूसरी तरफ 'चुप' के रिव्यू भी अच्छे हैं और सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी पॉजिटिव माहौल है। ऐस में पूरी उम्मीद है कि 'चुप' बॉक्स ऑफिस पर ब्रह्मास्त्र को खामोश कर सकती है। चुप के मेकर्स ने दर्शकों के लिए मुंबई में इसके लिए एक फ्रीव्यू भी रखा था। इस आइडिया ने काम किया और सोशल मीडिया पर रिलीज होने से पहले ही लोग इसे ब्लॉकबस्टर फिल्म बताने लगे।




# आमिर खान की बेटी आइरा को बॉयफ्रेंड नुपुर शिखरे ने पहनाई अंगूठी, कपल ने सबके सामने किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट सुपरस्टार आमिर खान की बेटी आइरा खान अब ऑफिशियली सिंगल नहीं हैं। हाल ही में इस स्टारकिड ने अपनी लाइफ की सबसे बड़ी गुड़ न्यूज फैंस के साथ शेयर की। आइरा ने अपने बॉयफ्रेंड नुपुर शिखरे से सगाई कर ली है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया जिसमें नुपुर उन्हें बड़े रोमांटिक अंदाज में प्रपोज करते नजर आ रहे हैं और आइरा ने भी उन्हें जवाब में हां कहा। नुपुर घुटनों के बल बैठकर आइरा के सामने एक रिंग का बॉक्स खोलते हैं और उन्हें प्रपोज करते हैं। आइरा सबके सामने माइक पर ही हां कहती हैं तो नुपुर उन्हें अंगूठी पहना देते हैं। इसके बाद दोनों किस करते हैं। आइरा और नुपुर का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और फैन्स के साथ ही साथ सेलेब्स भी पसंद कर रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए आइरा ने लिखा, 'पोपाई- उसने हां कह दिया। आइराः हे, मैंने हां कहा। एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने भी वीडियो पर रिएक्शन दिया और लिखा, 'यह सबसे प्यारी चीज है जिसे मैंने देखा है। उफ्फ इतना फिल्मी उफ्फ।ङ्ग रिया चक्रवर्ती ने कमेंट करते हुए लिखा, 'बधाई हो आप लोगों को' रोहमन शॉल ने लिखा, 'बधाई हो आप दोनों को'। इस वीडियो पर कृष्णा श्रॉफ ने लिखा 'क्यूटेस्ट थिंग एवर... बधाई हो बेबी गर्ल।' इसके अलावा सारा तेंदुलकर, आरजे आलोक, हुमा कुरैशी, सिद्धार्थ मेनन और हेजल कीच ने भी वीडियो पर कमेंट किया है। बता दें कि आइरा और नुपुर शिखरे काफी समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में आइरा के बर्थडे पर आमिर के पूरे परिवार के साथ नुपुर भी मौजूद थे।






# एयरपोर्ट लुक के लिए ट्रोल हुई जाह्नवी कपूर, यूजर्स ने पूछा- शर्ट के बटन बंद करना भूल गई क्या

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर घर से निकलें और हंगामा ना हो ऐसा कैसे हो सकता है। अपनी हर अदा से बिजली गिराने वाली जाह्नवी अपने ग्लैमर्स अंदाज और हॉट लुक के लिए पॉपुलर हैं। यंग गर्ल्स उन्हें फैशन दीवा मानती है और स्टाइल के लिए कॉपी करती है। हाल ही में जाह्नवी ने अपने कंफर्टेबल एयरपोर्ट लुक से एक नया ट्रेंड सेट किया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में जाह्नवी कपूर काफी कूल अटायर में नजर आ रही है। ब्लू रिलैक्स फिट डेनिम और व्हाइट फुल स्लीव शर्ट में उनका लुक काफी पंसद किया जा रहा है। जाह्नवी ने अपने गेटअप को कंप्लीट करने के लिए ऊपर बालों का एक छोटा से बनकर बाकी के बाल खुले छोड़े हुए थे। हालांकि उन्होंने शर्ट के साथ कुछ अलग करने की कोशिश की जो सोशल मीडिया यूजर्स की नजरों में आ गई और वो ट्रोल होने लगीं। जाह्नवी कपूर के इस एयरपोर्ट लुक की काफी चर्चा हो रही है। जहां कई एक्ट्रेस ट्रैवल टाइम में भी फैशन का पूरा ध्यान रखती हैं वहीं जाह्नवी ने अपने लाउटफिट को काफी सिंपल रखा। पर फिर भी ट्रोल्स के निशाने पर आ गई। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा- बटन बंद करना भूल गई हो क्या? तो किसी ने लिखा कि- यह मिस्टर एंड मिसेज माही की शूट के लिए जयपुर जा रही है। कुछ दिनों पहले ही जाह्नवी कपूर ने ऑरेंज कलर की बॉडीकोन ड्रेस में अपनी तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया था। पोनीटेल हेयरस्टाइल में जाह्नवी बेहद ही खूबसूरत लग रही थीं। इन फोटो पर फैंस ने भी जमकर प्यार लुटाया। फैंस ने फोटो पर कमेंट कर जाह्नवी की खूबसूरती की जमकर तारीफ की। बता दें कि जाह्नवी कपूर एक बार फिर राजकुमार राव के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही में रोमांस करती नजर आने वाली हैं। इसके अलावा वो वरुण धवन के साथ बवाल में भी नजर आएंगी।






# तनुश्री दत्ता का खुलासा, Me Too आंदोलन के बाद कई बार किया गया जान से मारने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने खुलासा किया है कि मी टू आंदोलन के बाद कई बार उन्हें जान से मारने का प्रयास किया गया है। इतना ही नहीं एक बार उन्हें घर पर ही जहर देने का प्रयास किया जा चुका है। तनुश्री दत्ता ने यह सभी बातें अपनी हालिया इंटरव्यू में कही है। तनुश्री दत्ता ने मी टू आंदोलन के दौरान 4 वर्ष पहले अपनी आपबीती सुनाई थी अब तनुश्री दत्ता ने यह खुलासा एक नए इंटरव्यू में किया है। इसके पहले उन्होंने कहा था कि अगर उनकी जान को कुछ हो जाता है तो इसके लिए फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर उनकी लीगल टीम और उनके बॉलीवुड के माफिया दोस्त जिम्मेदार होंगे। इस बात की शुरुआत तब हुई थी, जब तनुश्री दत्ता ने फिल्म हॉर्न ओके प्लीज की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था हालांकि नाना पाटेकर ने इस बात का खंडन किया था अब तनुश्री दत्ता ने एक इंटरव्यू में कहा है कि कई बार उनकी गाड़ी के ब्रेक से छेड़छाड़ की गई थी। वह कहती है, 'मेरी गाड़ी का बहुत बुरा एक्सीडेंट हुआ था वहीं मेरी हड्डियां टूटते-टूटते बची थीत् मेरा काफी खून बह गया था इसके चलते मुझे लंबे समय तक बेड रेस्ट करना पड़ा था तनुश्री दत्ता आगे कहती है, 'मेरे घर में एक नौकरानी रखी गई थी जो मुझे पानी में मिलाकर कुछ पिला देती थीत् जिससे मेरी तबियत बिगड़ने लगी थी। तनुश्री दत्ता 2020 में भारत वापिस आ गई थी और फिल्मों में काम करना चाहती थी हालांकि एक्ट्रेस का दावा है कि कोई भी उनके साथ काम करने के लिए तैयार नहीं हुआ।


# अमिताभ बच्चन ने 'केबीसी' में पायजामा पहनने की सुनाई कहानी कहा- 'थोड़ा वेंटिलेशन हो जाता है'


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीते कई दिनों से केबीसी सीजन 14 अपने पहले करोड़पति कविता चावला को लेकर चर्चा में बना हुआ है। अब शो में एक ऐसी कंटेस्टेंट आ गई हैं, जिन्होंने हॉट सीट पर बैठे-बैठे ही अमिताभ बच्चन का इंटरव्यू ले लिया और उनके वायरल पायजामा फोटो के पीछे की कहानी भी पूछ डाली। केबीसी 14 के लेटेस्ट एपिसोड में फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट जीतकर वैष्णवी अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठीं। शो में बिग बी ने बताया कि वे पत्रकारिता की पढ़ाई कर चुकी हैं और एक रिपोर्ट हैं। वैष्णवी ने बताया कि उनकी इच्छा है कि वह अमिताभ बच्चन का इंटरव्यू करें। उन्होंने बिग बी को उनकी एक पुरानी तस्वीर दिखाई और पूछा कि ये किस तरह का फैशन सेंस हैं उनका, यह तस्वीर केबीसी शुरू होने के पहले ही बिग बी ने खुद सेट से शेयर की थी, जिसमें वह ढीला-ढाला पायजामा पहने हुए नजर आ रहे थे। वैष्णवी के पूछने पर अमिताभ ने बताया कि यह किस्सा ऋषिकेश से शुरू होता है, जब वह वहां अपनी एक फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने देखा कि प्रोडक्शन टीम के कुछ लोग ये पायजामा पहने हुए घूम रहे हैं और जैसे ही हवा चलती थी, पायजामा भी उड़ने लगता था तो उन्हें यह बेहद आरामदायक लगा और उन्होंने निणन्य कर लिया कि 'हमको भी ये पजामा चाहिए, थोड़ा वेंटिलेशन हो जाता है।' इसके बाद बिग ने कुछ लोगों को बाजार भेजा, लेकिन पायजामा मिल नहीं मिल पाया। बिग बी ने आगे कहा कि कुछ दिनों के बाद वह केबीसी के सेट पर थे और रिहर्सल चल रही थी तो फिल्म के प्रोडक्शन टीम के डिजाइनर ने उनके लिए पायजामा भिजवाया। सेट पर उन्होंने पूछा कि क्या उन्हें शूटिंग के लिए सूट पहनना है जैसा कि वह हमेशा तैयार होते हैं केबीसी के लिए। तो उन्हें बताया गया कि वह कुछ भी पहन सकते हैं क्योंकि अभी सिर्फ रिहर्सल चल रही है, तो उन्होंने अपना पायजामा पहन लिया और उनके पास कोई कुर्ता नहीं था तो उन्होंने शर्ट से ही काम चला लिया।

# पहली ही फिल्म से रातों रात छा गए थे ये कलाकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कहते हैं कि बॉलीवुड में अगर पैर जमाना है, तो दिन-रात मेहनत करनी होगी। यहां वही टिका है, जिसने बिना रुके, बिना थके हिट पर हिट फिल्में डिलिवर की हों। 80-90 के दशक में करियर की शुरुआत करने वाले सलमान खान, शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित, ऐश्वर्या राय, समेत कई ऐसे एक्टर्स हैं, जो आज भी बॉलीवुड में बने हुए हैं। शुरुआत से लेकर अभी तक इनके स्टारडम में अब तक कोई कमी आई है। लेकिन कई ऐसे हैं, जो पहली ही फिल्म से सुपरस्टार बन गए लेकिन देखते ही देखते कब गुमनाम हो गए, पता ही नहीं चला। आज हम ऐसे ही कुछ एक्टर्स के बारे में बात करेंगे। 80 के दशक में राजेश खनन, अमिताभ बच्चन के अलावा अगर कोई और था, जिसे सुपरस्टार कहा जाता, तो वह थे कुमार गौरव। 1981 में कुमार गौरव की पहली फिल्म लव स्टोरी रिलीज हुई थी। पहली ही फिल्म से कुमार गौरव ने सफलता की वह कहानी लिखी थी, जिसके लिए हर एक्टर को वर्षों इंतजार करना पड़ता है। फिल्मों में न केवल उनकी एक्टिंग की तारीफ हुई थी बल्कि लोग उनके कैरेक्टर 'बंटी' स्टाइल स्टेटमेंट को भी कॉपी करने लगे थे। पहली ही बार में स्टारडम का स्वाद चखने वाले कुमार गौरव आज सफलता और इंडस्ट्री, दोनों से कोसों दूर हैं। भट्ट प्रोडक्शन से करियर की शुरुआत करने वाले राहुल रॉय ने शायद ही कभी सोचा होगा कि वह रातोंरात फेमस हो जाएंगे। उनकी डेब्यू पिक्चर 'आशिकी' ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता की ऐसी कहानी लिखी कि, लगा जैसे राहुल ही अगले सुपरस्टार होंगे। इसके बाद उन्होंने 'सपने साजन के', 'जुनून', 'प्यार का साया' समेत कई और फिल्में की, लेकिन उन्हें वह सक्सेस नहीं मिल सकी, जो आशिकी से मिली, जिसके बाद वो धीरे-धीरे इंडस्ट्री से गायब हो गए। सलमान खान के साथ फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली भाग्यश्री भी पहली ही फिल्म से रातोंरात सुपरस्टार बन गई थीं। फिल्म में सलमान खान के साथ उनकी केमेस्ट्री खूब पसंद की गई थी। ऐसा माना जा रहा था कि वह उस दौर की एक्ट्रेस को टक्कर देंगी, लेकिन ये दावे फेल निकले। आज भले ही भाग्यश्री आज हिंदी सिनेमा से दूर हैं, लेकिन फैंस उनकी डेब्यू फिल्म 'मैंने प्यार किया' को आज भी याद करते हैं। 90 के दशक से आगे बढ़कर 20 की बात करें, तो इस दौर में भी ऐसे एक्टर्स मिलेंगे, जिनका स्टारडम उनकी फिल्मों के आगे फीका पड़ गया। इन्होंने 'लव स्टोरी 2050' से डेब्यू किया। फिल्म का रिस्पांस तो बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक रहा, यह भी खबर आने लगी कि हरमन, प्रियंका चोपड़ा के बॉयफ्रेंड हैं। काफी सारी लाइमलाइट मिलने के बाद भी वह इंडस्ट्री में अपने पैर जमाने में नाकामयाब रहे। अब वह फिल्मों में एक्टिंग की बजाय फिल्में प्रोड्यूस करना ज्यादा बेहतर समझते हैं। अमीशा पटेल ने अपने करियर की शुरुआत में कई हिट फिल्में दी हैं। उनकी फिल्म 'कहो न प्यार है', गदर' को कौन भुल सकता है? एक के बाद एक हिट फिल्में देने वाली अमीशा को लेकर ऐसी उम्मीदें थीं कि यह इंडस्ट्री की टॉप मोस्ट एक्ट्रेस में से एक होंगी। लेकिन आज वह फिल्मों में गुमनामी की जिंदगी जी रही हैं। उनके पास नाममात्र के प्रोजेक्ट होते हैं, जो अधिकतर फ्लॉप ही रहे हैं। फिलहाल, अमीशा पटेल 'गदर 2' से बड़े पर्दे पर लौट रही हैं।





# शकुंतला बनकर राजा दुष्यंत के प्रेम में डूबीं सामंथा रूथ प्रभु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में इस वक्त माइथोलॉजी से जुड़ी फिल्मों का ट्रेंड चल रहा है। खासकर,



साउथ सिनेमा में इतिहास और पौराणिक कथाओं पर बनने वाली फिल्मों को खूब बोलबाला है। एसएस राजामौली की आरआरआर और इसी महीने आ रही मणि रतन्म की फिल्म पीएस-1 के बाद साउथ सिनेमा से एक और महत्वाकांक्षी फिल्म सिनेमाघरों में पहुंच रही है। यह फिल्म है शाकुंतलम, जिसमें 'ऊ अंटवा गर्ल' सामंथा रूथ प्रभु शीर्षक किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म दक्षिण भारतीय भाषाओं के साथ हिंदी में भी रिलीज की जा रही है। महाकवि कालिदास के संस्कृत नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम से प्रेरित फिल्म राजा दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी दिखाएगी। शुक्रवार को इसका मोशन पोस्टर और रिलीज डेट जारी कर दी गयी। शाकुंतलम में राजा दुष्यंत के किरदार में देव मोहन नजर आएंगे।

# चुप' देखने के बाद फूट-फूटकर रोने लगे सनी देओल के बेटे राजवीर, लोगों ने पूछा- इतनी बुरी है फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सनी देओल की 'गदर 2' का सबको बेसब्री से इंतजार है पर उससे पहले ही सुपरस्टार अपनी 'चुप' लेकर सिनेमा घरों में हाजिर हो गए हैं। सनी देओल, साउथ सुपरस्टार दुलकर सलमान की यह मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'चुप' आज यानी 23 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म का फ्रीव्यू मुंबई में दर्शकों के लिए किया जा चुका है। सोशल मीडिया पर चुप को लेकर काफी बज है। लोग इसे रिलीज से पहले ही एक ब्लॉकबस्टर फिल्म बता चुके हैं। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है। लोग इसे देखकर इमोशनल हो रहे हैं। दरअसल, सनी देओल अपनी दोनों बेटों करण देओल और राजवीर देओल को लेकर चुप की स्क्रीनिंग के लिए गए थे। फिल्म देखकर बाहर निकलने के बाद राजवीर को पापा सनी देओल का काम फिल्म में इतना पसंद आया कि वो खुशी के मारे रोने ही लग गए। बेटा को रोता देख सनी देओल ने राजवीर को गले लगा लिया। फैंस इस वीडियो पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। तो किसी ने पूछा कि फिल्म इतनी बुरी है क्या? जो बेटा देखकर रोने लगा। बता दें कि सनी देओल की 'चुप' को धांसू एडवांस बुकिंग मिली है। जिसे देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन भी जबरदस्त होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग के मामले में रणबीर कपूर की फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि आज देशभर के सिनेमाघरों में टिकट का रेट मात्र 75 रुपये है। ट्रेलर रिलीज के साथ ही चुप को लेकर सनी देओल के फैंस के बीच काफी क्रेज था। दुलकर सलमान इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। उनकी पिछली फिल्म 'सीताराम' के काफी चर्चे हैं। लोगों को फिल्म में उनका अभिनय भी काफी पसंद आया ऐसे में अगर चुप भी अच्छी चलती है तो दुलकर भी एक पैन इंडिया स्टार बन सकते हैं।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।